


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22




वर्ष- 14 अंक - 267 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 10 जुलाई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# 21 साल का इंतजार खत्म, बीएसपी टाउनशिप के मकानों की लीज की होगी रजिस्ट्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के टाउनशिप में लीज पर आवास लेने वालों के लिए खुशखबरी है। 21 सालों से लीज की रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे लोगों को विधायक देवेन्द्र यादव की पहल पर बड़ी सौगात मिली है। बीएसपी टाउनशिप में लीज पर आवास लेकर रहने वालों की लीज की रजिस्ट्री का रास्ता खुल गया है। इसके साथ की बीएसपी टसउनशिप में रहने वाले लीज धारक अपने आवासों के लीज की रजिस्ट्री करा सकते हैं। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

बता दें भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सेल के घाटे के दौरान बीएसपी टाउनशिप के आवासों को लीज पर देना शुरू किया था। पांच चरणों में लगभग 4500 आवास 30 साल के लिए लीज पर दिया गया। प्रबंधन ने आवास लीज पर मिलने के बाद लोगों ने अपनी सुविधा के अनुसार आवासों को मोडिफाई भी कर लिया। लीजधारकों को आवास तो मिल गया लेकिन उनके लीज की रजिस्ट्री नहीं हो सकी। बीते 21 वर्षों से बीएसपी टाउनशिप के 4500 आवासधारी लीज का इंतजार कर रहे थे। अब उन्हें राहत मिलेगी क्यांकि जिला प्रशासन, नगर निगम भिलाई व बीएसपी प्रबंधन की पहल पर लीज की रजिस्ट्री प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।




### 10 अप्रेल 2023 से शुरू हुआ था बैठकों का दौर

सीएम भूपेश बघेल के निर्देश के बाद 10 अप्रैल से जिला प्रशासन, बीएसपी प्रबंधन, नगर निगम भिलाई के आयुक्त व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की बैठकों का दौर शुरू हुआ। लगातार बैठकों के बाद 17 जून 2023 को इस पर सहमति बन गई। सहमति बनने के साथ ही बीएसपी टाउनशिप के आवासों की लीज रजिस्ट्री का रास्ता भी खुल गया है। वर्तमान में इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बीएसपी प्रबंधन, जिला प्रशासन व नगर निगम भिलाई के संयुक्त प्रयास से अब बीएसपी टाउनशिप के 4500 लीज धारक अपनी लीज की रजिस्ट्री करा सकेंगे।

### विधायक देवेन्द्र यादव ने किया सराहनीय प्रयास


बीएसपी टाउनशिप के आवासों की लीज रजिस्ट्री के लिए भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने सराहनीय प्रयास किया। बीते चार सालों से वे लीज की रजिस्ट्री के लिए प्रयासरत दिखे। इसके लिए प्रबंधन के साथ बैठक कर लगातार रास्ता निकालने का प्रयास करते रहे। 8 अप्रेल 2023 को भिलाई नगर विधानसभा में भेंटमुलाकात करने पहुंची प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने भी विधायक देवेन्द्र यादव ने लीज रजिस्ट्री का मुद्दा रखा। इसके बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीएसपी के सीईओ अनिर्बान दास गुप्ता, जिला कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा व नगर निगम भिलाई को रास्ता निकालने का निर्देश दिया।

### पूरा हुआ 21 वर्षों का इंतजार

" मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के बाद जल्द ही भिलाई के लीजधारको को लीज की रजिस्ट्री का अधिकार मिलेगा। 2002 में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा दिए गए लीज का रजिस्ट्री शुरू होगी। 4500 आवासों के लीज की रजिस्ट्री का रास्ता खुल गया है। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की पहल से बैठकों का दौर शुरू हुआ और सहमति बनने के बाद लीज रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

**नीरज पाल**
महापौर, नगर पालिक निगम भिलाई

## खास - खबर



### मंत्री अकबर बनेंगे कांग्रेस घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कांग्रेस घोषणा पत्र समिति का अध्यक्ष पद लेने से इनकार कर दिया है। जिसके बाद चुनाव से जुड़ी इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मंत्री मोहम्मद अकबर को दिए जाने की खबर है। हाईकमान की ओर से इस जिम्मेदारी के लिए ऐसे चेहरे की तलाश की गई, जिसकी राजनीतिक समझ तो बेहतर हो ही साथ ही प्रदेश की तासीर के साथ जनभावनाओं को भी बखूबी समझता हो और इन सभी मापदण्डों में मंत्री अकबर बिल्कुल फिट बैठते हैं। अकबर कांग्रेस का परखा और खरा चेहरा भी है इसलिए इनका घोषणा पत्र समिति का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है।


दिल्ली में हुई बैठक के दौरान ही टीएस सिंहदेव ने ये कह दिया था कि उन्हें घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी ना दी जाए और उसके बाद वहां राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ मौजूद प्रदेश के तमाम नेताओं के बीच हुई चर्चा में अकबर के नाम पर सहमति बनी। संगठन जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा कर सकती है।

# दुर्ग की 6 में से 5 सीटों पर भाजपा उतारेगी नए चेहरे!

## भिलाई नगर में प्रेमप्रकाश पाण्डेय को रिपीट कर सकती है भाजपा

श्रीकंचनपथ न्यूज़

भिलाई। छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ भाजपा नेताओं के लगातार दौरों से चुनावी सरगर्मी बढ़ने लगी है। 2018 में रिकार्ड जीत हासिल करने वाली कांग्रेस पार्टी जहां भावी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त दिख रही है तो दूसरी ओर भाजपा भी इस बार कोई कसर छोड़ना नहीं चाह रही है। दुर्ग जिले से भाजपा के खाते में विगत चुनाव में महज 1 सीट आई थी। जबकि कांग्रेस ने 5 सीटों पर एकतरफा जीत दर्ज की थी। इस बार भाजपा जिले की ज्यादातर सीटों पर नए चेहरे उतार सकती है। जानकारों की मानें तो सिर्फ एक भिलाई नगर की सीट पर प्रत्याशी रिपीट हो सकता है।



2018 में भाजपा ने पाटन क्षेत्र से मोतीलाल साहू को कांग्रेस के कद्दावर नेता भूपेश बघेल के खिलाफ मैदान में उतारा था। मोतीलाल साहू 27,477 मतों से पराजित हो गए थे। इसी तरह अहिवारा विधानसभा क्षेत्र से तत्कालीन विधायक भाजपा के सांवलाराम डाहरे के खिलाफ कांग्रेस ने सतनामी समाज के गुरू रूद्रकुमार को उतारा। डाहरे को इस चुनाव में 31,687 मतों से बड़ी पराजय हाथ लगी। दुर्ग शहर सीट पर तत्कालीन कांग्रेस विधायक अरूण वोरा के सामने भाजपा ने उस वक्त महापौर रही चंद्रिका चंद्राकर को उतारा, किन्तु चंद्रिका चंद्राकर को भी 21,081 मतों के भारी अंतर से हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा ने दुर्ग ग्रामीण में भी सामाजिक वोटों का गणित लगाकर जागेश्वर साहू को उतारा, लेकिन कांग्रेस ने ताम्रध्वज साहू को उतारकर भाजपा के मंसूबों पर पानी फेर दिया था। जागेश्वर साहू यहां से 27,112 मतों के बड़े अंतर से एकतरफा हारे।

भिलाई नगर सीट पर तत्कालीन केबिनेट मंत्री कद्दावर नेता प्रेमप्रकाश पाण्डेय के मुकाबले कांग्रेस ने युवा एवं नए चेहरे देवेन्द्र यादव को उतारा था। इस चुनाव में देवेन्द्र यादव ने 2,849 मतों से जीत हासिल कर सनसनी फैला दी थी। जिले से मात्र वैशाली नगर सीट पर भाजपा को जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस ने यहां से पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी को प्रत्याशी बनाया था। जबकि भाजपा ने अपने तत्कालीन विधायक विद्यारतन भसीन को। भसीन ने यह चुनाव 18,080 मतों के अंतर से जीता। भसीन का हाल ही में निधन हो गया, इसलिए भाजपा के लिए यहां नया प्रत्याशी देना मजबूरी भी है और चुनौती भी।

भाजपा फिलहाल छत्तीसगढ़ की सत्ता में लौटने के गुणा-भाग में व्यस्त हैं। ऐसे में जो खबरें छनकर आ रही है, उसे पचाना कई नेताओं के लिए मुश्किल हो सकता है। खबर यह है कि पूरे राज्य में पार्टी ज्यादा से ज्यादा नए चेहरों पर दांव लगाने पर विचार कर रही है। यहां तक कि कई विधायकों के भी टिकट कटने की गुंजाइश है। ऐसे में दुर्ग जिले में लगभग सभी सीटों पर आने वाले चुनाव में नए चेहरे चुनाव लड़ते दिख सकते हैं। दरअसल, इस तरह के प्रयोग भाजपा पहले भी कई राज्यों में सफलतापूर्वक कर चुकी है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपाध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा की टीमें अलग-अलग स्तर पर काम कर रही है। बाकायदा विधानसभावार उन चेहरों की सूची भी बनाई जा रही है, जो पार्टी का बेड़ा पार लगा सकते हैं।

### ट्रिपल पी की संभावना इसलिए ज्यादा



विधानसभा अध्यक्ष और कैबिनेट में महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके प्रेमप्रकाश पाण्डेय को रिपीट किए जाने की संभावना है। इसकी वजह यह है कि वे विगत चुनाव में सबसे कम अंतर से पराजित हुए थे। इसके अलावा उनकी गिनती प्रदेश में वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं में होती है। ऐसे समय में जबकि जिले की सभी सीटों पर नए चेहरे उतारे जाने हैं, पार्टी को एक अनुभवी और कद्दावर नेता की दरकार होगी। छत्तीसगढ़िया प्रत्याशियों के बीच जातीय संतुलन के लिहाज से भी पाण्डेय की दावेदारी पुख्ता बताई जा रही है।

### चुनावी राज्यों पर फोकस

भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने चुनावी राज्यों पर पूरी तरह फोकस कर दिया है। इसका असर भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। छत्तीसगढ़ की बात करें तो केन्द्रीय नेता लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं। स्वयं गृहमंत्री अमित शाह और भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा, कई बार आ चुके हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी भी हाल ही में यहां से होकर गए हैं। आने वाले दिनों में शाह व मोदी के और भी दौरे प्रस्तावित है। पार्टी ने प्रदेश भाजपा के प्रभारी ओम माथुर को राज्य का चुनाव प्रभारी बनाया है, वहीं मनसुख मांडविया को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। दुर्ग के सांसद विजय बघेल को चुनाव घोषणा-पत्र समिति का प्रभार सौंपा गया है। सारे निर्णय गृहमंत्री शाह द्वारा वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करने के बाद लिए जा रहे हैं।

# 7 राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से 56 मौतें: दिल्ली में बाढ़ का खतरा, केजरीवाल बोले- हम तैयार

■ **पीएम मोदी ने भी अधिकारियों से बारिश को लेकर बात की**

**नई दिल्ली।** दिल्ली, पंजाब और हिमाचल सहित देश के उत्तरी राज्यों में बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। पिछले 24 घंटे में सात राज्यों में लैंडस्लाइड और बाढ़ की अलग-अलग घटनाओं में 56 मौतें हुई हैं। मनाली में बारिश का 52 साल का रिकॉर्ड टूटा है। हिमाचल ष्टरू ने लोगों से अगले 24 घंटे घर में रहने को कहा है। प्रदेश में कई नदी-नहरें खतरे के निशान से ऊपर हैं। 2 जगह बादल फ्टा है।



दिल्ली में यमुना नदी में जलस्तर 203.58 मीटर है। मंगलवार तक नदी का वॉटर लेवल खतरे के निशान को पार कर सकता है। सीएम केजरीवाल ने कहा - हम इससे निपटने के लिए तैयार हैं। क्करू नरेंद्र मोदी ने बाढ़ और बारिश के हालातों को लेकर मंत्रियों और अधिकारियों से बात की है। पीएमओ के मुताबिक, प्रशासन और ह्रष्ठक्रस्न और एसडीआरएफकी टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। देश की कुल बारिश अब सामान्य से अधिक हो गई है। 9 जुलाई तक सामान्य बारिश 239 मिमी होती थी। अब आंकड़ा इसे पार कर 243 मिमी हो गया है, जो 2न ज्यादा है।

पिछले 24 घंटों में 56 मौतें हो गई हैं। सबसे ज्यादा यूपी में 34 की मौत हुई है। इसके अलावा हिमाचल में7, उत्तराखंड में 6, जम्मू-कश्मीर में 4, पंजाब में 3 तथा राजस्थान व दिल्ली में 1-1 की मौत हो गई है।

## दुकान लगाकर बैठोगे तो ग्राहक तो आएंगे ही

श्रीकंचपनथ




नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का एक और मामला उजागर हुआ है। इस बार मंत्रालय में तगड़ी सेटिंग का दावा कर एक शख्स ने नौकरी लगवाने का झांसा दिया। 13 नौकरी आकांक्षियों से उसने 70 लाख रुपए ठग लिये। ठगी का शिकार हुए लोगों को भोला-भाला कहना ठीक नहीं होगा। ये वो डेढ़ होशियार टाइप के लोग हैं जो सरकारी नौकरी खरीदने की इच्छा रखते हैं, योग्य लोगों का हक छीनना चाहते हैं। ऐसे लोग पिछले दरवाजे से एंट्री करने की फिराक में रहते हैं. इसी चोर दरवाजे का फायदा उठाकर ठग आते हैं और अपना काम पूरी सफाई के साथ करके निकल जाते हैं। इस मामले में जब आरोपी का खाता टटोला गया तो उसमें केवल 450 रुपए मिले। दरअसल, जो लोग ठगे जाने के लिए तैयार बैठे हैं, उनका ठगों से पाला पड़ना केवल वक्त की बात होती है। नौकरी के नाम पर ठगी का यह कोई पहला मामला नहीं है। साल दर साल ऐसे मामलों में वृद्धि हो रही है। कभी बीएसपी में नौकरी लगवाने का दावा करने वालों का भी अच्छा खासा रैकेट हुआ करता था। जेओटी, एसओटी लगवाने के नाम पर ठग 100-200 लोगों से 25-25, 30-30 हजार रुपए ले लेते थे। जिनकी नौकरी अपने-आप लग जाती थी, उनके पैसे हजम कर लेते थे और बाकी लोगों के पैसे थोड़ा बहुत घुमा फिराकर लौटा देते थे। ऐसे मामले जब पुलिस के पास पहुंचते हैं तो पुलिस पहले तो उन्हीं की लानत-मलामत करती है। पूछती है कि क्या पुलिस से पूछकर दिये थे पैसे? वैसे पुलिस चाहे तो ऐसे प्रार्थियों को गिरफ्तार भी कर सकती है। जिस तरह देश में रिश्वत लेना जुर्म है, ठीक उसी तरह रिश्वत देना भी अपराध की श्रेणी में आता है। ऊपर से ये मामले किसी मजबूरी से नहीं बल्कि लालच से जुड़े हुए हैं। वैसे भी जिन लोगों ने पैसे दिये, उन लोगों ने एक बार भी नहीं सोचा कि जो आदमी खुद बेरोजगार है वह दूसरों की नौकरी कैसे लगवा सकता है। यही गलती हम उस समय भी करते हैं जब फुटपाथ पर बैठे बाबा से अपनी किस्मत बदलने के यंत्र खरीदते हैं। कुछ समय पहले तक प्रत्येक कचहरी प्रांगण में ऐसे लोगों का पसरा लगा होता था जो मुकदमा जीतने का टोटका बेचा करते थे। कोई हाथ देखकर, तो कोई माथा देखकर ग्रह दोषों की विवेचना कर देता था। उसे ठीक करने के लिए लाल-नीले-हरे-पीले-चितकबरे पत्थर बेच देता था। रुद्राक्ष की माला के साथ ही वह एक मंत्र भी दे देता था जिसका जाप करने पर मुकदमा जीतने की गारंटी होती थी। फिलहाल, चुनाव पूर्व का मौसम चल रहा है। सभी दल आंकड़े गिना रहे हैं। जनता के पास सही आंकड़े जानने के साधन तो हैं पर वह मेहनत नहीं करना चाहती। अपनी-अपनी पसंद के नेताओं की बात पर यकीन कर लेती है। ठगा जाना उसे अच्छा लगता है तो फिर ठगी से तकलीफ कैसी।

॥ ऊं नमः शिवाय ॥ ॥ श्री गणेशाय नमः ॥ ॥ ऊं नमः शिवाय ॥

**आमंत्रण**

**सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रूद्र महाभिषेक**



शंकर प्रिय मम द्रोही,
सिव द्रोही मम दास।
ते नर करहिं कलप भरि,
घोर नरक महुँ बास॥



मान्यवर,

अत्यन्त ही हर्ष के साथ आप सभी नगर वासियों को सूचित किया जा रहा है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा भोले नाथ की कृपा से **सवा लाख पार्थिव शिवलिंग** का निर्माण किया जा रहा है। अतः सभी श्रद्धालु भक्तों से विनम्र निवेदन है **पार्थिव शिवलिंग निर्माण** करने में सहयोग देकर पुण्य के भागीदार बनें।

धन्यवाद !

**कार्यक्रम**

दिनांक 9 जुलाई 2023, दिन रविवार प्रातः 8 बजे से
**विशाल कलश यात्रा** एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण
दिनांक 10 जुलाई 2023, दिन सोमवार
**सवालाख बेलपत्र में सीता राम लेखन!**

दिनांक 11 जुलाई 2023, दिन मंगलवार प्रातः 10 बजे से
रूद्राभिषेक एवं श्रृंगार तत्पश्चात
महा आरती, महाप्रसाद
दिनांक 12 जुलाई 2023, दिन बुधवार प्रातः 9 बजे विसर्जन

**स्थान - श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर (शत्रुहन्ता)**
**सेक्टर-6, सी- मार्केट, भिलाई नगर (छ.ग.)**

## संपादकीय

# चांद की ओर भारत

यह देश के लिए बड़ी खुशखबरी है कि 14 जुलाई को चंद्रयान-3 चंद्रमा की ओर रवाना कर दिया जाएगा। चूंकि पिछली ऐसी ही कोशिश आखिरी चरण में एक हद तक नाकाम हुई थी, इसलिए भारत की नई कोशिश पर पूरी दुनिया की निगाह है। चंद्रयान-3 भारत के पूर्वी तट पर स्थित श्रीहरिकोटा के स्पेसपोर्ट से एक लैंडर और रोवर को चंद्रमा तक ले जाएगा। लैंडर की मदद से रोवर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतारने की योजना है। रोवर अगर सही ढंग से काम करने लगा, तो यह भारत की एक बड़ी कामयाबी होगी। भारत से पहले केवल अमेरिका, रूस और चीन ही चंद्रमा पर रोवर उतारने में कामयाब हुए हैं। भूलना मुश्किल है कि इसरो की पिछली अधूरी सफलता ने भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान को कुछ निराश कर दिया था। ऐसा लगा था कि भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान चंद्रयान प्रथम की कामयाबी के बाद कुछ भटक गया है। इस बार वैज्ञानिक अपनी तैयारी को लेकर आश्वस्त हैं। पिछली निराशाओं को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना है और अगर यह अभियान सफल रहा, तो भारत को व्यापक रूप से फायदा होगा। देश को वैज्ञानिक दिशा मिलेगी, चर्चा के लिए सकारात्मक विषय मिलेगा। आज देश जिस मोड़ पर है, वहां ऐसी सफलता का सबको इंतजार है। छह अरब रुपये से भी ज्यादा का यह महत्वाकांक्षी अभियान भारत के लिए सम्मान का विषय है। इसरो का कहना है कि चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव विशेष रुचि वाला है, क्योंकि इसके कुछ हिस्से में स्थायी रूप से छाया रहती है। क्या वहां से जल या बर्फ का कोई नमूना मिल सकता है? पिछली बार साल 2008 में भारत को ही चांद पर जल के संकेत मिले थे और 2021 में चांद पर जल की पुष्टि भी भारत की मदद से ही हुई थी। इस बार चांद पर जल संबंधी सूचना को और पुख्ता करना चंद्रयान-3 का एक बड़ा लक्ष्य है। शायद भारत चांद पर वहां पहुंचने की कोशिश में है, जहां अभी तक कोई देश नहीं गया है। एक सफल लैंडिंग भविष्य के भारतीय चंद्र अभियानों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकती है और इससे भारत की बढ़ती भू-राजनीतिक स्थिति को भी बहुत बल मिलेगा। अनेक विकसित देशों के असहयोग के बावजूद भारत का अंतरिक्ष विज्ञान अपने पैरों पर खड़ा हुआ है और उसे अपनी कुशलता को दुनिया के सामने सिद्ध करना है। गौर करने की बात यह भी है कि पिछली बार लैंडर में ही खराबी आई थी। अतः इस बार इस पर खूब काम किया गया है। सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में बदलाव किए गए हैं। इस बार लैंडर में पांच के बजाय चार थ्रस्टर इंजन हैं, मजबूत पैर और बड़े सौर पैनल हैं। यह अधिक ईंधन ले जाएगा, ज्यादा कारगर होगा। जाहिर है, इसरो के अध्यक्ष श्रीधर सोमनाथ के लिए यह अग्निपरीक्षा का समय होगा। भारत अगर लैंडिंग में कामयाब रहा, तो रोवर 14 दिन तक चंद्रमा पर काम करेगा। भारत के पास चांद संबंधी विरल सूचनाओं का अंबार लग सकता है। 1.75 टन के लैंडर विक्रम पर जिम्मेदारी है कि 26 किलोग्राम का छह पहियों वाला प्रज्ञान नामक रोबोटिक रोवर चांद पर सही ढंग से उतर जाए। व्यापकता में देखें, तो चंद्रमा पर उतरना कुछ देशों के लिए एक बेशकीमती राजनीतिक लक्ष्य बना हुआ है। अमेरिका, रूस, चीन पर जब हम निगाह डालते हैं, तो पाते हैं कि अंतरिक्ष विज्ञान में भी उनकी कामयाबी अचंभित कर रही है। अब भारत को अगर प्रतिद्वंद्विता में पिछड़ना नहीं है, तो चंद्रयान-3 की कामयाबी मील का पत्थर साबित होने वाली है।

> "अनेक विकसित देशों के असहयोग के बावजूद भारत का अंतरिक्ष विज्ञान अपने पैरों पर खड़ा हुआ है और उसे अपनी कुशलता को दुनिया के सामने सिद्ध करना है। गौर करने की बात यह भी है कि पिछली बार लैंडर में ही खराबी आई थी। अत: इस बार इस पर खूब काम किया गया है। सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में बदलाव किए गए हैं। इस बार लैंडर में पांच के बजाय चार थ्रस्टर इंजन हैं, मजबूत पैर और बड़े सौर पैनल हैं। यह अधिक ईंधन ले जाएगा, ज्यादा कारगर होगा।

## ये खतरा बढ़ रहा है

देखते-देखते खालिस्तान का साया फिर संगीन हो गया है, इस बात के साफ संकेत हैं। पिछले दिनों ब्रिटेन और अमेरिका में भारतीय राजनयिक ठिकानों पर हमले हुए थे। इस बीच पंजाब में अमृतपाल की परिघटना हुई। अभी सोमवार को ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने मित्र देशों से खालिस्तानी ताकतों पर लगाम लगाने को कहा है। इस सिलसिले में उन्होंने जिन मित्र देशों का नाम लिया, उनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। लेकिन उसी रात यह खबर आई कि अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर खालिस्तान समर्थकों ने हमला किया है। हमले के बाद दूतावास में आग लग गई, जिस पर बाद में काबू पाया गया। इसी बीच कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। अब दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दिए जाने की खबर है। इस संबंध में लगाए गए पोस्टरों के कारण यह मामला दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव का भी रूप ले चुका है। कनाडा में आठ जुलाई को खालिस्तान समर्थक एक बड़ी रैली निकालने की तैयारी कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक खालिस्तान फ्रीडम रैली टोरंटो में निकाली जानी है। रैली का अंत शहर में भारत के वाणिज्य दूतावास के सामने करने की योजना है। कनाडा सरकार ने कहा है कि भारतीय राजनयिकों की पूरी सुरक्षा की जाएगी। लेकिन सवाल वो नहीं है। सवाल है कि ऐसी भारत विरोधी ताकतों को खुलेआम अपनी गतिविधियां चलाने की इजाजत क्यों दी जा रही है। रैली से जुड़े कुछ पोस्टर सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें कनाडा में दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दी गई है। इनमें से एक पोस्टरमें टोरंटो में भारतीय काउंसल जनरल अपूर्व श्रीवास्तव पर खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया गया है। निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्सेस नाम के एक संगठन का मुखिया था। पिछले महीने उसकी कनाडा के राज्य ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारा के अंदर हत्या कर दी गई थी। अब यह भारत सरकार के लिए गंभीर मंथन का विषय है कि इस उभरती चुनौती को कैसे इसी मौके पर दबाया जाए? इस मामले में कोई ढिलाई आगे चल कर महंगी साबित हो सकती है।

## वायनाड पर आयोग अब क्या करेगा?

गुजरात हाई कोर्ट के फैसले के बाद अब चुनाव आयोग पर दबाव है कि वह वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के बारे में फैसला करे। राहुल गांधी को मानहानि के मामले में 22 मार्च को सजा हुई थी और उसके अगले दिन उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त हो गई थी। इसके साथ ही वायनाड सीट खाली घोषित हो गई थी। इस तरह से साढ़े तीन महीने हो गए हैं सीट खाली हुए। जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 के मुताबिक अगर किसी खाली हुई लोकसभा सीट का कार्यकाल एक साल या उससे ज्यादा बाकी है तो आयोग को छह महीने के अंदर वहां उपचुनाव कराना होगा। राहुल गांधी का कार्यकाल 16 जून 2024 तक है। इसका मतलब है कि जब सीट खाली हुई थी तब से एक साल से ज्यादा समय बाकी थी। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने कहा है कि आयोग के सामने चुनाव घोषित करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है। पूर्व चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा है कि आयोग को जल्दी चुनाव की घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई और फैसले का इंतजार नहीं करना चाहिए। तभी सवाल है कि आयोग क्या करेगा? उसे नियम के मुताबिक अगले ढाई महीने में चुनाव कराना है। हालांकि अब जो भी सांसद चुना जाएगा उसका कार्यकाल एक साल से कम का होगा।

> "गडकरी ने किसानों को ऊर्जादाता इसीलिए कहा कि इनके उत्पादन में ज्यादातर कच्चा माल किसानों के खेतों और बागों से ही आता है। सरकार इथेनॉल को बढ़ावा देने में जुटी हुई है, और नीति आयोग ने 2020 से 2025 के बीच ईंधन में इथेनॉल मिश्रण का अनुपात बढ़ाकर 20 फीसदी तक पहुंचाने के लिए बाकायदा एक रोडमैप जारी किया है। उसके हिसाब से पिछले साल जून में भारत पेट्रोल में 10 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने का लक्ष्य हासिल कर चुका है।

# आ गए इथेनॉल वाली गाड़ियों के दिन

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

जब टमाटर डेढ़ सौ रुपये किलो मिल रहे हों, उस वक्त कोई कहे कि पेट्रोल पंद्रह रुपये लीटर मिल सकता है या मिलेगा, तो क्या होगा? पहले तो कानों पर यकीन नहीं होगा, और फिर लगेगा कि कोई झांसा दे रहा है। मगर यह बात आसानी से हंसी में नहीं उड़ाई जा सकती। वजह यह है कि केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह दावा किया है। उन्होंने एक जनसभा में कहा कि अगले महीने वह ऐसी गाड़ियां लॉन्च करने जा रहे हैं, जो इथेनॉल पर चलेंगी। साथ ही, उन्होंने हिसाब बताया कि 60 फीसदी इथेनॉल व 40 फीसदी बिजली का इस्तेमाल होने लगा, तो पेट्रोल का भाव 15 रुपये लीटर हो जाएगा। उन्होंने यह दावा किया कि देश का किसान अब ऊर्जादाता भी बन जाएगा, और कच्चे तेल के आयात पर खर्च होने वाले 16 लाख करोड़ रुपये किसानों के घरों में जाएंगे, जिससे गांव समृद्ध और संपन्न बनेंगे।

साठ प्रतिशत इथेनॉल और चालीस प्रतिशत बिजली का गणित कैसे जोड़ा गया, यह शायद कुछ समय बाद समझ में आए। मगर यह तो स्पष्ट है कि उन्हें इथेनॉल में पेट्रोल का विकल्प दिख रहा है। यह कोई अनोखी बात नहीं है। भारत ही नहीं, दुनिया के कई देश पेट्रोल और डीजल के विकल्प के रूप में इथेनॉल के इस्तेमाल पर जोर दे रहे हैं। खासकर पिछले एक दशक में दुनिया भर की सरकारें प्रदूषण घटाने के लिए ऐसे ईंधन को बढ़ावा दे रही हैं, जिनसे कम से कम धुआं या कार्बन डाई-ऑक्साइड जैसी गैस निकले।



इथेनॉल को ऐसा ही ईंधन माना जाता है। यह असल में इथाइल अल्कोहल या स्पिरिट का दूसरा नाम है। वही अल्कोहल, जो शराब बनाने में इस्तेमाल होती है। इसे गन्ने, मक्के या दूसरे अनाज, फलों और आलू के अलावा रद्दी कागज से भी बनाया जा सकता है। गडकरी ने किसानों को ऊर्जादाता इसीलिए कहा कि इनके उत्पादन में ज्यादातर कच्चा माल किसानों के खेतों और बागों से ही आता है। सरकार इथेनॉल को बढ़ावा देने में जुटी हुई है, और नीति आयोग ने 2020 से 2025 के बीच ईंधन में इथेनॉल मिश्रण का अनुपात बढ़ाकर 20 फीसदी तक पहुंचाने के लिए बाकायदा एक रोडमैप जारी किया है। उसके हिसाब से पिछले साल जून में भारत पेट्रोल में 10 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने का लक्ष्य हासिल कर चुका है। अब आयोग की सिफारिश है कि 2025 तक इसे 20 फीसदी पर पहुंचाने के लिए देश में इथेनॉल उत्पादन की क्षमता मौजूदा 700 करोड़ लीटर से बढ़ाकर 1,500 करोड़ लीटर करनी होगी। यहां यह देखना जरूरी है कि 2022 में भारत में कुल 109 करोड़ गैलन इथेनॉल का उत्पादन हुआ, जबकि यूरोपीय संघ का उत्पादन 133 करोड़ गैलन था। हालांकि, ब्राजील ने 742 करोड़ गैलन और अमेरिका ने 1,540 करोड़ गैलन का उत्पादन किया। दीगर है कि एक गैलन में पांच लीटर होता है।

यह याद रखना चाहिए कि भारत में हर रोज 80 से 90 करोड़ लीटर पेट्रोल और डीजल का इस्तेमाल होता है। और, यह आंकड़ा भी बाकी दुनिया के मुकाबले तेजी से बढ़ रहा है। इसके साथ मिलाने के लिए जो इथेनॉल चाहिए, उसके लिए न सिर्फ इथेनॉल डिस्टिलरी लगानी होंगी, बल्कि किसानों को ऐसी फसलें भी लगानी पड़ेंगी, जो इथेनॉल के लिए कच्चा माल बन सकें। गन्ना, मक्का और गेहूं ऐसी फसलें हैं। मगर ये कहां और कैसे उगेंगी? गन्ने की खेती पर पहले ही यह इल्जाम लगता है कि उसमें बेतहाशा पानी खर्च होता है। तो, क्या प्रदूषण रोकने के लिए पानी की बर्बादी का आरोप बर्दाश्त किया जा सकता है?

दूसरा बड़ा सवाल है कि अगर ये फसलें इथेनॉल के लिए इस्तेमाल होने लगीं, तो क्या बाकी जरूरतों के लिए इनकी कमी या फिर दाम बढ़ने का खतरा खड़ा नहीं हो जाएगा? ईंधन में इथेनॉल के इस्तेमाल के समर्थन में बहुत से तर्क हैं। मगर उसके खिलाफ जो तर्क दिए जाते हैं, उनमें सबसे चिंताजनक बातें यही हैं कि इसके लिए बहुत जमीन की जरूरत होगी, काफी पानी खर्च होगा और महंगाई बढ़ने का डर बना रहेगा। इसके साथ ही यह सवाल भी खड़ा हो जाता है कि अगर इथेनॉल का कच्चा माल ही महंगा हो गया, तो फिर उससे बनने वाला ईंधन सस्ता कैसे रहेगा?

ब्राजील इस मामले में दुनिया में सबसे आगे खड़े देशों में है। वहां इथेनॉल फ्लेक्स ईंधन इस्तेमाल हो रहा है, जिसमें 85 प्रतिशत इथेनॉल और 15 प्रतिशत पेट्रोल या डीजल होता है। जाहिर है, अगर ऐसे ईंधन पर जाने की सोचेंगे, तो भारत को इन सवालों पर सोचना पड़ेगा। मगर क्या 10 या 20 फीसदी की मिलावट के लिए भी इतना विचार जरूरी है? और, इतने इथेनॉल से भारत कच्चे तेल के आयात में कितनी बचत कर पाएगा?

इसका जवाब बिजली से चलने वाली या कम प्रदूषण वाले दूसरे ईंधन-स्रोतों में मिल सकता है। जिस रफ्तार से भारत की सड़कों पर बिजली से चलने वाली गाड़ियां दिख रही हैं, पांच साल पहले कोई उसकी कल्पना नहीं कर सकता था। मई के महीने में बिजली से चलने वाले वाहनों की बिक्री 1,57,000 के ऊपर गई। यह आंकड़ा पिछले महीने के मुकाबले 42 प्रतिशत और पिछले साल मई के मुकाबले 125 फीसदी ज्यादा था। इसके साथ सीएनजी, एलएनजी वाहनों को जोड़ेंगे, तो दिखेगा कि पेट्रोल-डीजल की गाड़ियों का वक्त तेजी से जा रहा है।

नितिन गडकरी के बताए दाम पर पेट्रोल मिलेगा या नहीं, यह कहना मुश्किल है। मगर पिछले साल जुलाई के महीने में ही उन्होंने यह दावा किया था कि पांच साल बाद भारत में गाड़ी चलाने के लिए पेट्रोल का इस्तेमाल बंद हो जाएगा। ऐसा सोचने वाले वह अकेले नहीं हैं। जो लोग बिजली से चलने वाली गाड़ियां खरीद रहे हैं या खरीदने की इच्छा रखते हैं, उनके बीच हुए सर्वेक्षण बताते हैं कि उनमें से कई लोग सिर्फ खर्चा बचाने के लिए नहीं, बल्कि इसलिए भी ऐसी गाड़ियां खरीद रहे हैं, ताकि वे पर्यावरण को बचाने में हाथ बंटा सकें।

साल 2017 में ही स्टैनफॉर्ड के अर्थशास्त्री टोनी सेबा के एक अध्ययन का निष्कर्ष था कि 2030 तक पेट्रोल-डीजल की गाड़ियां ही नहीं, जीवाश्म ईंधन, यानी पेट्रोल, डीजल, कोयले जैसी चीजों का पूरा कारोबार ही खत्म हो जाएगा। बहरहाल, उनकी भविष्यवाणी कितनी सच होगी, यह कुछ साल में पता चल ही जाएगा, लेकिन एक बात तो तय है कि पेट्रोल और डीजल से चलने वाली गाड़ियों की उल्टी गिनती न सिर्फ शुरू हो गई है, बल्कि उसकी रफ्तार भी दिन दूनी, रात चौगुनी होती जा रही है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# अपनी समस्याओं का इलाज नहीं खोज पा रहा यूरोप

हर्ष वी पंत, प्रोफेसर, किंग्स कॉलेज लंदन

पिछले कुछ दिनों से फ्रांस को झुलसा रही आग दरअसल वर्षों से सुलग रही थी। कुछ-कुछ वर्षों के अंतराल पर हमने फ्रांस की सड़कों पर ऐसे ही दृश्य देखे हैं, जिनमें परस्पर संघर्ष में जुटे विभिन्न पक्ष एक ही तरह के तर्क दोहराते रहे हैं, पर तात्कालिक रूप से संकट टलने के बाद बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने की कोशिश नदारद रही है। कुछ ऐसी समस्याएं हैं, जिनको अच्छी तरह से समझा जाता है, लेकिन उनका समाधान नहीं किया जाता है। फ्रांसीसी राज्य और समाज के लिए चुनौतियां गंभीर हैं, पर यहां का राजनीतिक नेतृत्व कठिन विकल्पों से बचता रहा है।

इस बार उपद्रव तब शुरू हुआ, जब पिछले हफ्ते एक फ्रांसीसी पुलिस अधिकारी ने पेरिस के उपनगर नान्टेरे में यातायात रोकने के दौरान अल्जीरियाई और मोरक्कन मूल के 17 वर्षीय किशोर नाहेल मेरजौक की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके विरोध में घातक दंगे हुए, पेरिस के कई उपनगर हिंसा की चपेट में आ गए। हिंसा शहर के केंद्रों तक पहुंच गई, जहां भीड़ ने अनेक इमारतों और संपत्तियों को आग के हवाले कर दिया। लुटेरों और आगजनी करने वालों ने इसका उपयोग और अधिक असंतोष पैदा करने के लिए किया। यह सबसे गंभीर सामाजिक गड़बड़ी है, जिसे फ्रांस 2005 से देखता आ रहा है। तब दो किशोरों की आकस्मिक मौत ने जातीय अल्पसंख्यकों को सड़कों पर उतार दिया था।

फ्रांस में पुलिसिया व्यवस्था काफी समय से सवालों के घेरे में रही है। हालिया हत्या कोई अलग घटना नहीं है, बल्कि इस साल ट्रैफिक पुलिस द्वारा रोकने के दौरान हुई हत्या की यह तीसरी घटना थी। पिछले साल ऐसी 13 हत्याएं हुई थीं। ज्यादातर पीड़ित अश्वेत या अरब मूल के थे, जिससे यह धारणा मजबूत हुई कि फ्रांसीसी पुलिस पुख्ता तौर पर नस्लवादी है। इस पहलू को संयुक्त राष्ट्र भी पहले उजागर कर चुका है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के लिए यह गंभीर संकट है। उनका प्रशासन पिछले कुछ महीनों से विरोध-प्रदर्शनों से परेशान



है। राष्ट्रपति अपने देश की वैश्विक स्थिति को ऊपर उठाने में लगे हैं, पर घरेलू समस्याएं मुश्किलें पैदा कर रही हैं। इस बीच, पेरिस अगले साल ओलंपिक खेलों का आयोजन करने वाला है। समस्या यह भी है कि मैक्रॉन को वामपंथी और दक्षिणपंथी, दोनों परेशान कर रहे हैं। वैसे, 2005 के विपरीत इस बार आपातकाल की घोषणा नहीं हुई, पर 40,000 से ज्यादा पुलिस अफसरों की तैनाती के बावजूद दंगा नियंत्रण में समय लग गया।

फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन जातीय अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के मामले भी उभर आए हैं। फ्रांस की राजनीति बंटी हुई है। सामाजिक-आर्थिक विभाजन व इसके नतीजों से निपटने की दिशा में कोई संस्थागत बदलाव कहीं भी नहीं दिख रहा है। ऐसे में, ताजा संकट फ्रांस में समुदायों के बीच विभाजन बढ़ाएगा और अल्पसंख्यकों के खिलाफ प्रतिक्रिया की भी प्रबल आशंका होगी। दरअसल, पूरे यूरोप में आप्रवासियों के खिलाफ भावनाएं नकारात्मक हो रही हैं और इससे धुर दक्षिणपंथी पार्टियों को फायदा हो रहा है। फ्रांस में हालिया दंगों का इस्तेमाल धुर दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन ने मैक्रॉन को निशाना बनाने के लिए किया है। उन्होंने कहा कि 'कायरता व समझौतों की फ्रांसीसी भयानक कीमत चुका रहे हैं।

ऑस्ट्रिया से इटली, ग्रीस से स्वीडन तक, सुदूर दक्षिणपंथी पार्टियां यूरोप में आगे बढ़ रही हैं, क्योंकि पहचान के मुद्दे जटिल हो गए हैं और उन्हें पारंपरिक मूल्यों पर हमला होता दिख रहा है। मुख्यधारा के राजनीतिक दलों के पास उचित जवाब नहीं है और वे ऐसी भाषा बोल रहे हैं, जिससे अधिकांश लोग जुड़ नहीं पाते। ऐसे में, आम लोगों को दक्षिणपंथ की स्पष्टता आकर्षक लग सकती है। जब आर्थिक चुनौतियां बढ़ रही हैं, तब नेतृत्व की कमी से भी दक्षिणपंथी राजनीतिक संस्थाओं को फायदा हुआ है। लोगों की अभिव्यक्ति में आप्रवासी विरोधी भावना सबसे ज्यादा दिखाई दे रही है। स्वीडन में धर्मग्रंथ जलाने की हालिया घटना, ब्रिटेन में आप्रवासन से निपटने के लिए नए कानून और फ्रांस की सड़कों पर दंगे, ये सब यूरोप की व्यापक बीमारी के लक्षण हैं, जिनके गंभीर दीर्घकालिक परिणामों की आशंका पुरजोर है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# शोध-अनुसंधान से ही आत्मनिर्भर बनेगा देश

बृजेश कुमार तिवारी


हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नेशनल रिसर्च फाउंडेशन विधेयक 2023 का अनुमोदन करते हुए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एनआरएफ) बनाने की राह प्रशस्त की है, जल्दी ही इसे संसद में पेश किया जाएगा। वहीं एनआरएफ के रणनीतिक मार्गदर्शन हेतु 15-20 नामचीन अनुसंधान एवं विकास पेशेवरों की एक संचालन समिति स्थापित की जाएगी। एनआरएफ के लिए 2023-24 से लेकर 2027-28 के बीच पांच सालों में 50 बिलियन रुपये उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसमें सरकार की हिस्सेदारी 14 बिलियन रुपये होगी वहीं बाकी धन उद्योगों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों व कल्याण-चंदा इत्यादि से आएगा।

प्रस्तावित नेशनल रिसर्च फाउंडेशन भारत की 1,074 यूनिवर्सिटियों और 161 अनुसंधान संस्थानों को खोज एवं विकास कार्य में मदद देगा। इन संस्थानों में आईआईटी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एम्स और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एजूकेशन एंड रिसर्च इत्यादि हैं।

दरअसल, अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) पर हमने अन्य देशों जितना ध्यान नहीं दिया। भारत में आर एंड डी मद में प्रावधान सकल घरेलू उत्पाद का महज 0.7 प्रतिशत है, जो कि वैश्विक औसत (1.8 फीसदी) से कहीं कम है और विकसित राष्ट्रों से तो बहुत नीचे है। जबकि इस मद में अमेरिका 2.9 प्रतिशत, चीन 2.2 फीसदी और इस्राइल 4.9 प्रतिशत खर्च करते हैं। नीति आयोग और इंस्टिट्यूट ऑफ कम्पीटीटिवनेस द्वारा करवाए अध्ययन के मुताबिक, विकास एवं अनुसंधान मद में भारत का निवेश दुनियाभर में न्यूनतम है। यूनेस्को की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में प्रति दस लाख व्यक्तियों के पीछे 366 अनुसंधानकर्ता का औसत है, जबकि ब्राजील का 1,366 चीन का 2,366 व जर्मनी का 6,995 है और सबसे ज्यादा औसत आईसलैंड (10,073) का है। यूनेस्को इंस्टिट्यूट ऑफ स्टैटिस्टिक्स की रिपोर्ट कहती है कि भारत में प्रति दस लाख व्यक्तियों के पीछे केवल 253 वैज्ञानिक हैं जो कि जनसंख्या के हिसाब से किसी अन्य विकसित राष्ट्र की तुलना में कहीं कम है।

विकसित मुल्कों में अनुसंधान एवं विकास मद में निजी क्षेत्र का योगदान 70 फीसदी होने के मुकाबले भारत में यह 40 प्रतिशत से भी कम है। अनुसंधान एवं विकास के लिए खर्च के मामले में विश्व की चोटी की 2500 कंपनियों की सूची में भारत से केवल 26 नाम हैं। ऐसी 301 कंपनियों के साथ चीन सबसे ऊपर है।

जैसे कोई पानी वाला जहाज नए समुद्री रास्तों की थाह लेने की बजाय गोल-गोल घूमने लगे, वैसे ही यदि कोई मुल्क अनुसंधान एवं विकास मद में निवेश करने



में असफल रहता है तो उसे आर्थिक अस्थिरता सहनी पड़ती है। इस्राइल ने यह कर दिखाया है कि एक छोटा देश चाहे तो अनुसंधान एवं विकास में निवेश करके टिकाऊ विकास प्राप्त कर सकता है। इस्राइली सरकार ने नए शोध कार्यों की, विशेषकर लघु एवं मध्यम उद्यमों में, वित्तीय मदद कर उल्लेखनीय भूमिका निभाई है, साथ ही वहां पर अनुसंधान के लिए सुचालित तंत्र है, जिसके अवयवों में वेंचर कैपिटल, इन्क्यूबेटर, विज्ञान व उद्योग जगत के बीच ठोस समन्वय और उच्च-गुणवत्तापूर्ण यूनिवर्सिटी शिक्षा है।

अनुसंधान एवं विकास बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वे हमारी जिंदगी में सुधार लाते हैं। भारत अब एक श्रम-आधारित अर्थव्यवस्था से कौशल-आधारित आर्थिकी में रूपांतरित हो रहा है। कौशल विकास एवं उद्यम मंत्रालय की स्थापना इस क्षेत्र को गति देने के मकसद से हुई थी। उम्मीद है डिजिटल यूनिवर्सिटी और गतिशक्ति यूनिवर्सिटी ज्ञान-युक्त अर्थव्यवस्था बनाने में मददगार होंगी। भारत सरकार ने स्टार्टअप्स, शिक्षा संस्थान और छोटे व्यवसायों को पेटेंट फीस में 80 फीसदी छूट देने का घोषणा की है। ऑनलाइन पेटेंट फाइलिंग फीस में 10 फीसदी छूट रखी गई है।

'विपो ग्लोबल इंडेक्स-2022' ने 132 देशों में भारत को 40वां स्थान दिया है। स्थिति में 2015 की तुलना में काफी सुधार हुआ है, पहले हम 81वें पायदान पर थे। 'अंकटैड टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन रिपोर्ट 2023' के अनुसार 158 देशों में भारत 46वें स्थान पर है।

किसी मुल्क की अर्थव्यवस्था सही मायने में जबरदस्त बनाने के पीछे शक्ति का स्रोत दीर्घकालिक और ठोस ज्ञान आधारित तंत्र होता है। जितनी अधिक बौद्धिक संपदा होगी उतना ज्यादा रोजगार सृजन होगा। भारत में निजी कंपनियां अधिकांशत: अपना पैसा आरएंडडी मद की बजाय बिक्री और बेचने की युक्तियों पर लगाती हैं। यह एक वजह है कि क्यों भारतीय कंपनियां नूतन खोज नहीं कर पा रहीं और भारतीय उत्पादक विश्वस्तरीय चीजें नहीं बना पाते। यह समय है मेक-इन-इंडिया नीति पर पुनर्विचार का।

भारत के पास वैश्विक स्तर पर नूतन खोज अग्रणी बनने के तमाम जरूरी अवयव हैं, मसलन, एक जबरदस्त उपभोक्ता बाजार, विलक्षण प्रतिभाओं का अम्बार और रिवायती रूप से जुगाड़ बनाने में माहिर दिमाग। सिर्फ जरूरत है तो अनघड़ प्रतिभा को समुचित दिशा देकर तराशने की। डॉक्टरल रिसर्च के लिए प्रधानमंत्री फेलोशिप स्कीम एक अच्छी शुरुआत है लेकिन इसको विस्तार देने की दरकार है। सरकार को उन स्टार्टअप्स और व्यवसायों की मदद करनी चाहिए जो बेशक स्थानीय तौर पर काम-धंधे की सोचते हैं लेकिन वैश्विक प्रभाव की संभावना रखते हैं। दुनिया को माहिर मानव संसाधन प्रदाता बड़े मुल्कों में भारत भी एक है।


किंतु नवीनतम तकनीक, ज्ञान-आधारित समाज के बिना कोई भी मुल्क 21वीं सदी में सफल नहीं हो सकता। इसके लिए विज्ञान और नूतन खोज में काफी निवेश की जरूरत है। तथापि, बहुत से विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रम आज भी रट्टा लगाकर उत्तीर्ण होने और नौकरी पाने वाले ढर्रे पर टिका है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत में स्वचालित यांत्रिक उत्पादन व्यवस्था बनने पर सब प्रकार की नौकरियों में से 69 फीसदी खतरे में होंगी।

भारत के पास जी-20 की अध्यक्षता होने से वैश्विक एजेंडा बनाने का मौका है। भारत अपनी 0.65 प्रतिशत आरआई (रिसर्च इन्टेंसिटी यानी जीडीपी के सापेक्ष आरएंडडी मद में निवेश) के साथ दक्षिण कोरिया (4.43) जापान (3.21), चीन (2.14) और यूरोपियन यूनियन के 2.0 प्रतिशत से काफी पीछे है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### सोमनी में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज : प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य के विभिन्न इलाकों में अब इंग्लिश मीडियम कॉलेज खुलने लगे हैं। राजनांदगांव जिले के सोमनी में इस सत्र से इंग्लिश मीडियम कॉलेज शुरू हो रहा है। इस कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज सोमनी में अब तक 34 बच्चों ने प्रवेश लिया है। यहां बालक-बालिकाओं के लिए 100-100 सीटर छात्रावास की सुविधा है। कॉलेज कैम्पस में लाईब्रेरी तथा जिम के साथ ही वाई-फाई की सुविधा से लैस है। अभी वर्तमान में यहां बीएससीसी कम्प्यूटर का 50, बीएससी बायो का 50, बीकॉम 50, बीकॉम कम्प्यूटर एप्लीकेशन 50, बीसीए 50 सीट हैं। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज सोमनी के प्राचार्य श्री आरके ठाकुर ने बताया कि प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। महाविद्यालय में 12 शिक्षकों की भर्ती की गई है। 5 नियमित अध्यापक एवं 7 अतिथि अध्यापक है। कॉलेज में 5 सर्वसुविधायुक्त प्रयोगशालाएं है। कॉलेज की छात्रा नेहा ने बताया कि वे सुकमा से यहां स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज में प्रवेश लेने आयी है। यहां अच्छी सुविधाएं हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की यह सोच बहुत अच्छी है कि अंग्रेजी माध्यम में स्कूल और कॉलेज खोले हैं।

### लोक आस्था सेवा संस्थान ने पीएचएफ के सहयोग से ग्राम कोदोमाली में खेलकुद का आयोजन किया

**गरियाबंद।** ब्लॉक के ग्राम कोदोपाली जो कि भुंजिया समाज बाहुल्य है,यहां पर महिलाओ एवं किशोरियों के लिए खेल उत्सव कार्यक्रम रखा गया। इस क्षेत्र में ज्यादातर विशेष पिछड़ीजनजाति समुदाय के लोग निवासरत है।कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता की छाया चित्र में पूजा अर्चना एवं मंच में उपस्थित अतिथियों का स्वागत कर किया गया।इस अवसर पर संस्था के सचिव लता नेताम ने कहा खेल के माध्यम से महिलाओं को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है क्योंकि महिलाओं को बहुत सारे बंधन में बंधे होने के कारण संकोच करती है। कानून में महिला पुरुष को समान अधिकार दिया है लेकिन पुरुष प्रधान समाज होने के कारण महिलाओं को अधिकार नही मिल पाता लोगो की सोच में बदलाव लाने के लिए खेल उत्सव कार्यक्रम रखा गया है। महिलाए सारी बंधन तोड़ कर इस खेल में भाग लेकर सभी को बताया कि महिला भी पुरुष के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। महिला आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही इसमें पुरुष का भी योगदान है। जिसके बाद भुंजिया महिलाओं का कबड्डी का आयोजन किया गया जिसमे महिला बढ़ चढ़कर भाग लिए,जिसमें प्रथम स्थान कोदोपाली एवं द्वितीय स्थान लीमाडीही की महिला टीम विजेता रही।

### केबिनेट मंत्री अकबर द्वारा वनांचल ग्राम नागवाही में प्राथमिक शाला भवन का शिलान्यास

# सुदूर वनांचल क्षेत्रों में नवीन स्कूल भवन बनने से मजबूत होगा शिक्षा का आधार : मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के परिवहन, आवास पर्यावरण, वन, विधि विधायी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम नगवाही में प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन और शिलान्यास किया। मंत्री अकबर ने कहा की प्राथमिक शाला भवन बन जाने से शाला के संचालन में सुविधा होगी। इसके निर्माण से स्कूल की विभिन्न गतिविधियां करने में आसानी होगी।




उन्होंने कहा की प्राथमिक शाला भवन के निर्माण होने से बच्चों को सभी सुविधाएं मिलेंगी। शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य देखभाल के लिए उचित वातावरण मिलेगा।

बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होगा। इस अवसर पर श्री होरी साहू जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन उपस्थित थे। केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के लिए शासन लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। वही कुपोषण मुक्ति के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य किए जा रहे हैं। अंग्रेजी में शिक्षा उपलब्ध कराने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। जहां बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है।

#### प्रत्येक बच्चों को शिक्षा से जोड़ना मुख्य लक्ष्य

केबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि सुदूर वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए शासन वहां स्कूल का निर्माण कर रही है। जिसका मुख्य लक्ष्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। शासन शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध हो सके इसके लिए नवीन स्कूल भवनों का निर्माण और जीर्णोद्वार किया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधा मुहैया कराई जा रही है। शिक्षा के अधिकार के तहत नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।

#### स्कूल भवन निर्माण होने से शिक्षा का आधार होगा मजबूत

केबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिससे जीवन में सफलता मिलती है। सुदूर वनांचल क्षेत्रों में नवीन स्कूल भवन निर्माण होने से शिक्षा का आधार मजबूत होगा। बच्चों के शिक्षा से जुड़ने से क्षेत्र का विकास होगा। साथ ही आने वाले पीढ़ी शिक्षा के महत्व को समझेगी और शिक्षा से जुड़ेगी।

## कोयलीबेड़ा की लंबे समय से चली आ रही मांग हुई पूरी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** शासन की मंशानुरूप जिले वासियों की समस्याओं व मांगों को पूरा करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के विकास खंडों में जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जन चौपालों के माध्यम से लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित भी किया जा रहा है। जिले की कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला इन चौपालों में जाकर सीधे ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हो रहे हैं और उनका मौके पर ही निराकरण भी किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा में बीते 5 जुलाई को जन चौपाल का आयोजन किया गया था। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा बेहतर व्यवस्था हेतु ट्रांसफार्मर की मांग की गई थी। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा त्वरित कार्यवाही कर ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए थे, जिस पर विद्युत विभाग द्वारा तीन दिवस के अंदर ही ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। क्षेत्र में ट्रांसफार्मर के लग जाने से खुशी का माहौल है। वहीं क्षेत्र वासियों को अब बरसात के मौसम में बेहतर विद्युत व्यवस्था भी सुलभ हो सकेगी। गौरतलब है कि जन चौपाल के दौरान क्षेत्र वासियों द्वारा लंबे समय से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मॉर्च्युरी फ्रीजर की मांग की जा रही थी, जिसे पूरा करते हुए श्री कौशल नाग की स्मृति में मॉर्च्युरी प्रदान किया गया था, जिसके लिए भी यह ट्रांसफार्मर उपयोगी साबित होगा। अब क्षेत्र के मृतकों के परिजनों को ज्यादा भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव से मुलाकात के बाद स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने किया हड़ताल समाप्ति का ऐलान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव से मुलाकात के बाद आज छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने हड़ताल समाप्ति का ऐलान कर दिया है। श्री सिंहदेव से स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने आज उनके निवास कार्यालय में मुलाकात कर अपनी मांगों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और शासन के समक्ष उनकी बातों को रखने का आश्वासन दिया। श्री सिंहदेव ने राज्य के लोगों के हित में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से काम पर लौटने का आग्रह किया था। उनकी पहल पर आज संघ के पदाधिकारियों ने चर्चा के बाद हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने का ऐलान किया है। उप मुख्यमंत्री सिंहदेव से मुलाकात के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मिलने की मंशा जाहिर की।

## धरदेई के रीपा में मिनरल वाटर, फर्नीचर, पीनट चिक्की, आर्टिफिशियल ज्वेलरी बना रही महिलाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बेमेतरा जिले के धरदेई गौठान में संचालित रीपा का नजारा देखकर सुखद एहसास होता है। यहां गांव की महिलाओं और पुरूष अपनी-अपनी आय उपार्जन की गतिविधियों में पूरे मनोयोग से जुटे दिखाई देते हैं। गौठान में संचालित ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) वास्तव में एक सुविधायुक्त औद्योगिक केन्द्र का रूप ले चुका है। रीपा में महिलाएं मिनरल वाटर, पीनट चिक्की, आर्टिफिशियल ज्वेलरी तैयार कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर फर्नीचर का निर्माण भी किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और ग्रामीणों को गांव मे ही स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से पथरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम धरदेई में महात्मा गॉंधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) की स्थापना की गई है। कलेक्टर श्री राहुल देव ने बीते दिनों रीपा का आकस्मिक यहां स्व सहायता समूह की महिलाओं और पारंपरिक उद्यमियों द्वारा उत्पादित सामग्रियों का अवलोकन किया तथा उत्पादन लागत, विपणन तथा उससे होने वाली आमदनी की जानकारी ली। महिला समूह द्वारा तैयार पीनट चिक्की को चखकर गुणवत्ता परखी और सराहना करते हुए अपने लिए क्रय भी किया। समूह की महिलाओं ने बताया कि मार्च माह से मिनरल वॉटर का उत्पादन और विक्रय किया जा रहा है। अब तक 48 हजार रुपए का मिनरल वाटर विक्रय किया जा चुका है। बाजार में इसकी अच्छी मांग है। पाउच मशीन के खराब होने की मिलने पर कलेक्टर ने तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए।




कलेक्टर ने रीपा में काम करने वाले समूहों और उद्यमियों की अच्छी आमदनी हो, इसके लिए बेहतर कार्य योजना और उत्पादित सामग्रियों के परिवहन हेतु ई-रिक्शा भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। धरदेई के रीपा में महिलाओं और पारंपरिक उद्यमियों द्वारा फर्नीचर, पीनट चिक्की, आर्टिफिशियल ज्वेलरी जैसी विभिन्न आय मूलक गतिविधियां संचालित की जा रही है।

# गरीब न होगा अब लाचार, आयुष्मान कार्ड से होगा उपचार

### ग्राम पंचायत, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

#### राशन कार्ड एवं आधार कार्ड, आधार से लिंक वाली मोबाई नम्बर के साथ उपस्थित होने का किया गया है आग्रह

#### आओ हम सब मिलकर आयुष्मान कार्ड बनवायें- सीएमएचओ



**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन महाअभियान 10 जुलाई 2023 को जिले के सभी विकासखण्डों के ग्राम पंचायत, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। गरीब न होगा अब लाचार, आयुष्मान कार्ड से होगा उपचार संकल्प के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा महाअभियान में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड जारी करने के उद्देश्य से हितग्राहियों को शिविर स्थल में राशन कार्ड एवं आधार कार्ड, आधार से लिंक वाली मोबाई नम्बर के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। आयुष्मान कार्ड के लिए राशन कार्ड धारक सभी परिवार पात्र होगें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार महाअभियान शिविर में परिवार के समस्त सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए परिवार के समस्त सदस्यों के साथ शिविर स्थल में जाकर अपने व अपने परिवार के समस्त सदस्यों का आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने के लिए अपील की गई है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र बी.पी.एल. परिवारों को 5 लाख एवं शेष परिवार अर्थात ए.पी.एल. परिवारों को डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 50 हजार तक का लाभ योजना के दिशा निर्देशानुसार योजना अंतर्गत पंजीकृत किसी भी शासकीय एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अन्य अतिरिक्त गंभीर बीमारी हेतु मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता अंतर्गत 20 लाख तक स्वास्थ्य सहायता प्रदान किया जा रहा है, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु आयुष्मान कार्ड अनिवार्य है। इस हेतु परिवार के हर एक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनवाना अनिवार्य है। देश के किसी भी पंजीकृत अस्पताल में कार्ड से मुफ्त ईलाज कराया जा सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी लोगों से महाअभियान को सफल बनाने का आग्रह किया है और अपना संदेश देते हुए लोगों के कहा- आओ हम सब मिलकर 10 जुलाई को आयुष्मान कार्ड बनवायें।

### श्रावण सोमवार भगवान शिव की पूजा आराधना और उपासना होती हैं फलदायी - डॉ. महंत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने श्रावण मास के प्रथम सोमवार के प्रारंभ पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की सुख शांति समृद्धि और उन्नति की कामना की है। विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, श्रावण का पहला आज सोमवार 10 जुलाई 2023 से प्रारंभ हो रहा है. श्रावण मास में सोमवार के दिन का विशेष महत्व है। श्रावण सोमवार में भगवान शिव की पूजा आराधना और उपासना करने से सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। विस अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, श्रावण माह में भगवान शिव का अभिषेक करना बहुत ही फलदायी होता है, इसलिए श्रावण में लोग रुद्राभिषेक कराते हैं।

BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार
होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### आज मनुष्य अपना उद्देश्य भूल गया हैः साध्वी शुभंकरा

**रायपुर ( ए )।** एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी प्रांगण में मनोहरमय चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला में रविवार को नवकार जपेश्वरी साध्वी शुभंकरा ने कहा कि मनुष्य का जन्म जीवन के हर क्षण को सार्थक करने के लिए हुआ है। परन्तु वह ऐसा करता नहीं है। मनुष्य का जन्म बार-बार नहीं होता। इस जन्म को पाने में हमारी आत्मा ने कितना पुरुषार्थ किया, कितना परिश्रम किया है। वर्तमान में शायद कोई कर नहीं सकता। आज यह हमें मिला है तो इसके हर क्षण का उपयोग करना है। लोग मोक्ष में तो जाना चाहते है पर उस मार्ग पर चलना नहीं चाहते है।

आप के अनुसार जो ऐशोआराम मनुष्य जीवन में मिला है वह फिर नहीं मिलेगा। जो खाने पीने का स्वाद इस जीवन में मिला है वह कहीं नहीं मिलेगा। होटल में खाना खाना, एसी-कूलर की हवा लेना और गद्देदार बिस्तर में सोना और कौन से जीवन में मिलेगा। यह सिर्फ मनुष्य जीवन में मिलेगा। किसी जन्म में बैल-गाय, कुत्ते बन गए तो चाट-गुपचुप का स्वाद कहां मिलेगा। थोड़ा सा दुख हमारे जीवन में आ जाए तो हम किसे भूलते है। हमें अगर थोड़ा सा भी सिरदर्द होता है, तो हम भगवान को भूल जाते है। पूजा-पाठ करने मंदिर नहीं जाते है। जबकि उस दिन हम नहाने गए, खाना खाए, काम पर चले गए पर मंदिर नहीं गए। संसार जगत का कोई भी काम नहीं छोड़े और छोड़े तो कौन सा काम, पूजा-अर्चना का, धर्म का काम। थोड़ा सा सिर दर्द हुआ तो धर्म का काम छोड़ दिया तो सोचो जो नरक गति में रहते है वो कैसे करते होंगे, क्या उन्हें धर्म याद आएगा।

### संतान की ऊर्जा का रुपांतरण जरुरीः पंडित मेहता

**रायपुर ( ए )।** आज के दौर में बच्चे बहुत प्रतिभाशाली है, लेकिन उन्हें सही दिशा देने की आवश्यकता है। सही दिशा नहीं देने की वजह से बच्चे दिशाहीन होते जा रहे है और यही परिवार में अशांति बढ़ने का कारण है। जो भी काम करो होश में करो, आज जो काम हो रहे है वह होश में नहीं हो रहे है। होश में कभी भी गलत कार्य नहीं होते गलत कार्य हमेशा मनुष्य बेहोशी में ही करता है। जीवन के इस शतरंज में प्रयास करना मनुष्य का काम है और परिणाम देना परमात्मा का। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन संतान सूत्र पर ये बातें पंडित विजय शंकर मेहता ने कहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेष में जिस प्रकार से माता-पिता अपने संतानों का पालन-पोषण कर रहे है उसमें संघर्ष का अभाव है, बिना संघर्ष के ही उनकी सारी इच्छाएं पूरी की जा रही है, यही संतानों के जीवन से भटकने का मूल कारण है। क्योंकि बिना संघर्ष के ही वह सब कुछ प्राप्त हो रहा है, संघर्ष उनके माता-पिता कर रहे है और अशांत भी वही है। उन्होंने महाभारत की माता कुंती व गंधारी का दृष्टांत के माध्यम से बताया कि कैसे माता कुंती ने अभाव में भी अपने बच्चों का पालन-पोषण किया और उन्हें धर्म के रास्ते पर चलना सीखाया। वहीं दूसरी ओर गंधारी ने विलासिता में अपने 100 पुत्रों का पालन-पोषण किया लेकिन एक भी योग्य नहीं निकला क्योंकि गंधारी ने उनकी ऊर्जा का रुपांतरण ही नहीं किया।

### श्रावण सोमवार में भगवान शिव की पूजा होती हैं फलदायीः डॉ. महंत

**रायपुर ( ए )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने श्रावण मास के प्रथम सोमवार के प्रारंभ पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की सुख शांति समृद्धि और उन्नति की कामना की है। डॉ. महंत ने कहा कि, श्रावण का पहला सोमवार 10 जुलाई 2023 से प्रारंभ हो रहा है. श्रावण मास में सोमवार के दिन का विशेष महत्व है। श्रावण सोमवार में भगवान शिव की पूजा आराधना और उपासना करने से सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

उन्होंने कहा कि, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, श्रावण माह में भगवान शिव का अभिषेक करना बहुत ही फलदायी होता है, इसलिए श्रावण में लोग रुद्राभिषेक कराते हैं। श्रावण मास भगवान शिव की आराधना के लिए सबसे उत्तम माह माना जाता है। सोमवार के दिन भक्त मंदिरों में जाकर शिवलिंग पर दूध, जल और बेलपत्र चढ़ाते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जो भक्त सच्चे दिल से श्रावण सोमवार व्रत करता है और भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना करता है उस पर भोले शंकर भगवान शिव और मां पार्वती का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है ।

# शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेवः श्रावण मास के पहले सोमवार मंदिरों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़





**रायपुर।** आज श्रावण मास का पहला सोमवार है। रायपुर के हटकेश्वर महादेव, बूढ़ेश्वर महादेव सहित अन्य भी शिवालयों में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ चुकी है। बड़ी संख्या में भक्त मंदिरों में जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे हैं। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा इलाका गूंज रहा है। इस साल दो माह तक चलने वाले श्रावण मास में आठ सोमवार का संयोग बन रहा है। 10 जुलाई को पड़ रहे पहले श्रावण सोमवार की पूर्व संध्या पर शिव मंदिरों की आकर्षक विद्युत साजसज्जा की गई। श्रद्धालु कतार में लगकर जलाभिषेक कर सकें, इसके लिए हटकेश्वर महादेव मंदिर, बूढ़ेश्वर मंदिर में बांस से घेरा बनाया गया है।

शिव मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त में पुजारियों के सान्निध्य में शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालु सुबह से दोपहर तक जलाभिषेक कर रहे हैं। मंदिर का पट बंद करके अलग-अलग शिव मंदिरों में विविध रूपों में श्रृंगार किया गया है। जिसके बाद श्रद्धालु श्रृंगार दर्शन कर सकेंगे।

### इस साल आठ सोमवार

हटकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पं. सुरेश गोस्वामी के अनुसार 19 साल बाद श्रावण मास में पुरुषोत्तम मास का संयोग बनने से इस साल श्रावण महीना 59 दिनों तक रहेगा। दो महीने का श्रावण होने से आठ सोमवार का संयोग बन रहा है। आठों सोमवार पर शिवलिंग का रुद्राभिषेक और मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा।

बोल बम कांवरिया सेवा समिति के नेतृत्व में अश्विनी नगर मुख्य मार्ग पर कांवरियों की सेवा की जाएगी। कांवरियों के लिए फल, शर्बत व भंडारे की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा महादेवघाट पर भी आज को भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

## हर साल बढ़ती है शिवलिंग की ऊंचाई

गरियाबंद जिला मुख्यालय से 3 किलोमीटर की दूरी पर बसे ग्राम मरौदा के जंगलों में प्राकृतिक शिवलिंग भूतेश्वरनाथ महादेव स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि इस शिवलिंग की ऊंचाई हर साल बढ़ती है। यहां न सिर्फ छत्तीसगढ़ से, बल्कि दूसरे राज्यों से भी लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

सावन के महीने में इस मंदिर में भारी भीड़ होती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। सुबह से लोग मंदिर पहुंचते रहे। भगवान शंकर को जल चढ़ाया गया। भूतेश्वर महादेव के पुजारी रामाधार का कहना है कि हर वर्ष सावन मास में दूर-दराज से कांवड़िए (भक्त) भूतेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना करने आते हैं। उन्होंने बताया कि हर



साल महाशिवरात्रि पर भूतेश्वर महादेव की ऊंचाई नापी जाती है। भूतेश्वर महादेव को भकुर्रा महादेव भी कहते हैं। यह संभवतः विश्व का पहला ऐसा शिवलिंग है, जिसकी ऊंचाई हर साल बढ़ती है।

## सीएम बघेल ने दी श्रावण मास के प्रथम सोमवार की बधाई

**रायपुर ( ए )।** सीएम भूपेश बघेल ने श्रावण मास के प्रथम सोमवार की शुभकामनाएं दी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा - बोलो! हर-हर महादेव, पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं।

भगवान शिव की कृपा हम सभी पर बनी रहे। सबके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का संचार हो। संसार है जिनकी शरणों में है नमन उन महादेव के चरणों में मान्यता है कि, सावन के प्रत्येक सोमवार को व्रत कर विधि विधान से पूजा अर्चना करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। तथा जीवन में आने वाले सभी कष्टों का निवारण होता है। शिव पुराण में इस दिन का खास उल्लेख किया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन कुछ खास उपाय करने से वैवाहिक जीवन में आ रही अड़चन से मुक्ति मिलती है।

हिंदू पंचागं के अनुसार इस बार सावन मास कुल 59 दिनों का है, जिसमें कुल 8 सोमवार पड़ रहे हैं। आज यानी 10 जुलाई को सावन का पहला सोमवार है। इस दिन



पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 38 मिनट से 07 बजकर 22 मिनट तक है। कहा जाता है कि, शाम के वक्त रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव के साधकों के सभी कष्टों का निवारण होता है।

# मेगा हेल्थ कैंप में हुआ 890 लोगों का निशुल्क इलाज

**रायपुर ( ए )।** सिंधी कॉन्सिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा रामकृष्ण हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. जिसमे 890 लोगो ने अपना स्वास्थ परिक्षण कराया।



सिंधी कॉन्सिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा दस प्रकार की जांच एवम पंद्रह डॉक्टर की टीम स्वास्थ शिविर में अपनी भागीदारी निभाए शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल ने कहा मानव सेवा ही माधव सेवा है आज के युग में अगर किसी इंसान को अगर अच्छा इलाज मिल जाए इससे बड़ा काम कोई नही हो सकता और लगातार सिंधी कॉन्सिल जनसेवा के कार्य करता आ रहा है मेरी शुभकामनाएं हमेशा साथ है पूर्व मंत्री विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा इंसान में स्वास्थ से ज्यादा उसके जीवन में कुछ नहीं हो सकता अगर मनुष्य को अगर हम निशुल्क स्वास्थ सेवा उपलब्ध करवा रहे है और उसके साथ में बहुत सी सुविधा भी दे रहे है।

उसके लिए सिंधी कॉन्सिल की पूरी टीम को बधाई साथ में राम कृष्ण हॉस्पिटल की पूरी टीम का आभार जिनके सहयोग से इतना बड़ा शिविर सफल हो पाया। सिंधु डॉक्टर फोरम को बधाई सीए एसोसिएशन को बधाई सिंधी कॉन्सिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा आज बड़ी संख्या में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लोगो ने उठाया साथ में सीबीसी,ब्लड शुगर, बीपी, ईसीजी, टी एस एच,लिपिड प्रोफाइल, बीएमआई, यूरिक एसिड की जांच की गई डॉ संदीप दवे, डॉ जावेद अली, डॉ विनोद आहूजा, डॉ प्रवाश चौधरी, डॉ धीरज प्रेमचंदानी, डॉ चेतना रमानी, डॉ साकेत अग्रवाल, डॉ पवन जैन, डॉ अजीत शदाणी, डॉ देवा दुलाल, डॉ राहुल पाठक, डॉ उज्जवला वर्मा सिंधु डॉक्टर फोरम के डॉ किरण माखीजा, डॉ प्रकाश कटारिया, डॉ एन डी गजवानी, डॉ श्याम नेभानी, डॉ पवन भावनानी, डॉ जीवतराम तुलसियानी, युवा विंग अध्यक्ष रवि ग्वालानी, महिला विंग राशि बलवानी, नीलम कुकरेजा, सोनिया निंज्यानी, सपना महक होतवानी, कशिश खेमानी, मानसी कुकरेजा, आशा सचदेव, डिंपल शर्मा, जूही दरयानी, रिया जयसिंघानी, जितेंद्र मलघानी, दीक्षा रामनानी, भारती कुकरेजा, भावना चांदनानी, अनीता मेघानी, पूजा शादिजा, सुशीला खत्री, रागिनी गोगिया एवम अन्य उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 17 जुलाई से, 16 तरह के पारम्परिक खेल होंगे, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक बनेंगे प्रतिभागी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन हरेली त्योहार के दिन 17 जुलाई से शुरू किया जाएगा। छत्तीसढ़िया ओलंपिक 6 चरणों में लगभग ढ़ाई महीने तक आयोजित होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने और उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा खेल भावना का विकास करने हेतु छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता 17 जुलाई से 22 जुलाई तक नॉकआउट पद्धति से होगा। वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक क्लब होगा। इसका आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक होगा। विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक होगा। जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 04 सितंबर तक होगा। संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका की आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर प्रथम आने वाल विजेता खिलाड़ियों को 1000 रुपए, द्वितीय स्थान आने पर 750 रुपए एवं तीसरा स्थान आने पर 500 रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह जिला स्तर पर प्रथम आने वाल विजेता प्रतिभागियों को 2000 रुपए की राशि, द्वितीय आने पर 1500 रुपए और तीसरे स्थान आने पर 1000 रुपए की राशि सहित प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। संभाग स्तर पर विजेता प्रतियोगियों को प्रथम आने पर 3000 रुपए, द्वितीय आने पर 2500 रुपए एवं तीसरे स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को 2000 रुपए एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तर पर ओलंपिक के अंतिम आयोजन में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को 5000 रुपए, द्वितीय आने पर 4500 रुपए एवं तीसरे स्थान आने वाले खिलाड़ियों को 4000 रुपए की राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर पर विजेता प्रतिभागियों से लेकर राज्य स्तर के विजेता प्रतिभागियों को प्रभाणपत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।



### बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक ले सकेंगे हिस्सा

खेल विभाग के अधिकारियों ने यहां बताया कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के ओलंपिक में एकल श्रेणी में रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी जोड़ा गया है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन का दायित्व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को सौंपा गया है। प्रतियोगिता का समापन 27 सितंबर 2023 को होगा। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















# बारिश के मौसम में इस तरह से रखें अपने आप को स्टाइलिश



मानसून ने एक साथ पूरे देश में प्रवेश कर लिया है। बारिश के आने से जहाँ प्रकृति अपने प्राकृत रंगों में नजर आने लगती है, वहीं मनुष्य का मन भी हिलोरें लेने लगता है। आकाश में छाये बादलों को देखते ही कानों में सुनाई देता है चलो कहीं घूमने चलते हैं। मौसम सुहाना है। जैसे ही कहीं घूमने चलने का ख्याल आता है वैसे ही नवयुवतियों और 35-40 की उम्र की महिलाओं के मन में ख्याल आने लगता है कि क्या पहना जाए, जिसमें इस मौसम में स्वयं को फैशनेबल और ट्रेंडी रख सकें। मानसून में समझ नहीं आता कि ऐसा क्या पहना जाए जो इस मौसम के लिहाज से आरामदायक हो। आज हम अपने पाठकों को कुछ ऐसे ट्रेंडी फैशन टिप्स बताने जा रहे हैं जो इस मौसम में आपको स्टाइलिश रखने में मदद कर सकते हैं।

### कैसे करें कपड़ों का चुनाव

बरसात के मौसम में ऐसे कपड़ों का चुनाव करना चाहिए जिन्हें पहनकर अगर आप भीग भी जाएं तो कोई परेशानी न हो क्योंकि ऑफिस जैसी जगह पर जहां आपको लंबे समय तक बैठना पड़ता है तो कपड़े जल्दी सूख जाएं तो अच्छा होगा। इस मौसम में कॉटन के कपड़ों का चुनाव करने से बचना चाहिए क्योंकिये सूखने में ज्यादा समय लेते हैं। हमारी सलाह है कि इस मौसम में डेनिम के बजाय स्कर्ट या फिर कैप्री ट्राय कर सकती है। साथ ही शार्ट्स, वनपीस ड्रेस या शार्ट्स पैंट भी पहन सकती है। बारिश के समय कलरफुल कपड़ों को ज्यादा पहनना चाहिए क्योंकि हल्के रंग के कपड़ों पर कीचड़ और गंदे पानी के धब्बे ज्यादा नजर आते हैं। इस मौसम में जैकेट्स या हुडी को भी पहन सकते हैं। साथ ही कपड़ों के फैब्रिक का भी ध्यान रखना चाहिए क्योंकि गीले कपड़े से त्वचा पर फंगल का होने का खतरा रहता है।

### आरामदायक रहेंगी शार्ट ड्रेसेस

मानसून के दौरान शॉर्ट्स, शॉर्ट स्कर्ट और शॉर्ट ड्रेस पहनना लड़कियों के लिए काफी आरामदायक हो सकता है। वैसे ग्रे रंग की पेंसिल स्कर्ट के साथ सफेद रंग की शर्ट को टिमअप करना अच्छा विचार हो सकता है। बारिश में शॉर्ट्स, मिनी स्कर्ट और पेंसिल स्कर्ट आदि तो हमेशा चलन में रहते ही हैं ,लेकिन इन दिनों लड़कियों के फैशन ट्रेड की बात करें तो ट्रेंचकोट एक अच्छा विकल्प हो सकता है। फ्लोरल प्रिंट बरसात के दिनों में जैसे पेड़ पौधे और हरियाली नजर आती है हमें देखने में कितना अच्छा लगता है। ठीक उसी तरह से अगर हम फ्लोरल प्रिंट कपड़े पहनते हैं, तो यह बारिश में बहुत अच्छे लगते हैं और हमारे लुक को काफी इनहांस करते हैं। ऐसे में आप फ्लोरल प्रिंट साड़ी, सूट, कुर्ते, शर्ट आदि पहन सकते हैं।

### वाइब्रेंट कलर चुनें

अक्सर लोग चटकीले कलर पहनने से बचते हैं। लेकिन अगर आप मानसून में वाइब्रेंट कलर जैसे रेड, येलो, ग्रीन पहनते हैं तो यह आपके ऊपर बहुत अच्छे लगते हैं। बारिश के मौसम में यह कलर खूब पसंद किए जाते हैं।

### स्किन टाइट कपड़े पहनने से बचें

बारिश में हमें बॉडी हगिंग या स्किन टाइट कपड़े पहनने से बचना चाहिए, क्योंकि पानी लगने से यह कपड़े तुरंत ही ट्रांसपेरेंट हो जाते हैं और शरीर के अंग इसमें दिखने लगते हैं। ऐसे में आप हमेशा लूज फिटिंग के कपड़े पहनें।

### छतरी और रेनकोट से भी लगे फैशनेबल

बारिश के दिनों में बाहर निकलते समय छतरी या रेनकोट तो हमारी जरूरत का ही एक हिस्सा है। क्यों न इस जरूरत को ही हम चलन में बदल दें। इससे हमारा मतलब है कि आजकल फ्लोरल प्रिंट की ट्रांस्पेरेंट छतरी काफी चलन में हैं जिनके आप ऑरेंज, ऑलिव ग्रीन जैसे रंगों को कंट्रास्ट रंग की ड्रेसेज के साथ ट्राई कर सकते हैं। इस तरह की छतरी भी आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में काफी मदद कर सकती है। वाटरप्रूफ मेकअप का करे इस्तेमाल बारिश के मौसम में जहां आप अपने कपड़ों का ख्याल रख रही हैं, वहीं दूसरी और आपको अपने लुक को और बेहतर बनाने के लिए वाटरप्रूफ मेकअप का भी चुनाव करना होगा। क्योंकि अगर बारिश के मौसम में आप वाटरप्रूफ मेकअप का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो बारिश के साथ ही आप का लुक भी पानी में बह जाएगा।

### बन या हाई पोनी बनाए

बारिश के मौसम में बाल गीले होने के कारण बालों के खराब होने के चांसेस रहते हैं। ऐसे में आप बालों का बन बनाएं या फिर शॉर्ट ड्रेसेस पर हाई पोनीटेल भी बनाकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। जिससे इस मौसम में फ्रीजी हेयर की समस्या से बचा जा सकता है।

### फुटवियर का कैसे करें चयन

पैरों में पहनने के लिए ऐसे फुटवियर हो जो आराम पहुंचाने के साथ ही बारिश में फिसलें नहीं। इस मौसम में ध्यान रखें फुटवियर आपके आसानी से सूख जाएं और साथ ही गंदे पानी से पैरों को भी बचाएं जैसे फ्लोटर्स और गमबूट्स। बारिश में हीलदार सैंडिल या लेदर के शूज को पहनने की गलती नही करनी चाहिए क्योंकि लेदर के फुटवियर के खराब होने की ज्यादा संभावना है।

# ठंडा या गर्म पानी: सुबह खाली पेट सबसे पहले इन दोनों में से कौन सा पानी सेहत के लिए है बेस्ट



कुछ लोग सुबह-सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू डालकर पीते हैं। तो कुछ लोग खाली पेट एकदम गर्म पानी या नॉर्मल पानी पीते हैं। आइए जानते हैं ठंडा-गर्म पानी पीने से शरीर पर इसका पॉजिटिव और नेगेटिव असर डालता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गर्म या ठंडा पानी पीने से आपका शरीर स्वस्थ और हाइड्रेटेड रहता है। कुछ लोग दावा करते हैं कि ठंडा पानी पीने की तुलना में गर्म पानी विशेष रूप से पाचन में सुधार, कंजेशन से राहत और यहां तक कि आराम को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है।

### सुबह खाने से पहले या रात को सोने से पहले गर्म या ठंडा पानी पीना चाहिए

रिपोर्ट के मुताबिक सुबह खाने से पहले या रात को सोने से पहले गर्म या ठंडा पानी पीना चाहिए। गर्म पेय पदार्थ पीते समय, शोध 130 और 160ए एफ (54 और 71ए सी) के बीच इष्टतम तापमान की सिफारिश करता है। इससे ऊपर का तापमान जलने या झुलसने का कारण बन सकता है। स्वास्थ्य वृद्धि और कुछ विटामिन सी के लिए, नींबू पानी बनाने के लिए गर्म पानी में थोड़ा नींबू मिलाने का प्रयास करें।

### नाक साफ रहता है

गुनगुना पानी पीने से साइनस ठीक होने में मदद मिलती है। साइनस सिरदर्द से भी राहत मिल सकती है। चूंकि आपके साइनस और गले में श्लेष्मा झिल्ली होती है, इसलिए गर्म पानी पीने से उस क्षेत्र को गर्म करने में मदद मिल सकती है और बलगम बनने के कारण होने वाली गले की खराश से राहत मिल सकती है। 2008 के एक पुराने रिसर्च के मुताबिक चाय जैसे गर्म पेय से बहती नाक, खांसी, गले में खराश और थकान से त्वरित, स्थायी राहत मिलती है। गर्म पेय कमरे के तापमान पर उसी पेय की तुलना में अधिक प्रभावी था।

### पाचन में सहायता मिलती है

पानी पीने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। जैसे ही पानी आपके पेट और आंतों से होकर गुजरता है। शरीर का पाचन तंत्र ठीक से काम करता है। कुछ लोगों का मानना है कि गर्म पानी पीना पाचन तंत्र को एक्टिव रखता है। गर्म पानी आपके द्वारा खाए गए भोजन को भी घोल सकता है और नष्ट कर सकता है जिसे पचाने में आपके शरीर को परेशानी हो सकती है। इस लाभ को साबित करने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है।

हालांकि साल 2016 के एक अध्ययन से पता चला है कि गर्म पानी सर्जरी के बाद आंतों की गतिविधियों और गैस सही से निकलता है। यदि आपको ऐसा लगता है कि गर्म पानी पीने से आपके पाचन में मदद मिलती है, तो इसे एक उपाय के रूप में उपयोग करने में कोई नुकसान नहीं है। गर्म हो या ठंडा, आपके तंत्रिका तंत्र की कार्यप्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। अंततः मूड और मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को प्रभावित कर सकता है। साल 2019 ट्रस्टेड सोर्स के शोध से पता चला है कि पीने का पानी केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की गतिविधि के साथ-साथ मूड में भी सुधार कर सकता है।

# नरगिस फाखरी की वेब सीरीज तल्लुबाज का ऐलान धीरज धूपर संग बनी जोड़ी



बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस फाखरी को पिछली बार अनुपम खेर और नीना गुप्ता की शिव शास्त्री बलबोआ में देखा गया था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब इस बीच नरगिस के हाथ एक बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। दरअसल, वह जल्द वेब सीरीज तल्लुबाज में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। इसमें उनकी जोड़ी धीरज धूपर के साथ बनी है। खास बात यह है कि इस सीरीज के जरिए धीरज अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं।

तल्लुबाज में अभिनेत्री और बिग बॉस ओटीटी की विजेता रहीं दिव्या अग्रवाल का अहम किरदार होने वाला है। सीरीज के निर्देशन की कमान विभु कश्यप ने संभाली है, जबकि तल्लुबाज का निर्माण 9PM फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है। तल्लुबाज में गैंग्स ऑफ वासेपुर 2 और ब्लडी डैडी फेम जीशान कादरी भी अभिनय करते दिखाई देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं ने तल्लुबाज की शूटिंग मुंबई में शुरू कर दी है।

## ईगल के साथ संक्रांति 2024 के लिए सिनेमाघरों में वापसी करेंगे रवि तेजा

रवि तेजा ने धमाका के साथ अपने करियर की सबसे बड़ी एकल हिट फिल्मों में से एक बनाई, जिसे पीपुल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले निर्मित किया गया था। सिनेमैटोग्राफर से निर्देशक बने कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा अभिनीत एक बहुत बड़ी परियोजना के लिए स्टार फिर से प्रोडक्शन हाउस के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने आज फिल्म की एक झलक दिखाने के साथ शीर्षक ईगल का अनावरण किया गया। इस साल वाल्टेयर वीरय्या के बाद, रवि तेजा ईगल के साथ संक्रांति 2024 के लिए सिनेमाघरों में वापसी करेंगे।



घोषणा के टीजर में रवि तेजा को एक चित्रकार से लेकर कपास किसान तक के कई पात्रों के रूप में वर्णित किया गया है। टीजर में एक झील के पास खड़े तेलुगु स्टार के साथ समाप्त होता है। शीर्षक ईगल का अनावरण किया गया है। यह अनुपमा परमेश्वरन, नवदीप और मधुबाला जैसे अभिनेताओं द्वारा फिल्म में निभाए गए किरदारों की झलक भी देता है। काव्या थापर और श्रीनिवास अवसारला से भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

# मैं ऐसी भूमिकाएं चुनती हूं, जो महिलाओं का प्रतिनिधित्व करे: शहाना गोस्वामी



'रॉक ऑन!', 'मिडनाइट्स चिल्ड्रेन' और 'तू है मेरा संडे' जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने कहा कि उन्होंने सक्रिय रूप से ऐसी भूमिकाएं चुनी हैं जो वास्तविक महिलाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं और पारंपरिक नैरेटिव को चुनौती देती हैं। उन्होंने कहा, मैंने सक्रिय रूप से ऐसी भूमिकाएं चुनी हैं जो पारंपरिक नैरेटिव को चुनौती देती हैं, ऐसे किरदारों को चुनती हूं जो घिसी-पिटी बातों से दूर हों। मैं वास्तविक महिलाओं का प्रतिनिधित्व करना चाहती हूं, जिनसे कोई भी जुड़ सकता है। ऐसे इंडस्ट्री में जहां सोशल कनेक्शन्स और नेटवर्किंग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, गोस्वामी ने अपने एक्टिंग को आगे बढ़ाने का फैसला किया।

एक्ट्रेस नेटवर्किंग की ट्रेडिशनल कॉन्सेप्ट के बजाय अपने एक्टिंग स्किल्स पर अधिक भरोसा करना पसंद करती है, वह इस बात पर जोर देती है कि इंडस्ट्री में क्राफ्ट हर चीज से ऊपर है।

इस विषय पर विस्तार से बताते हुए, गोस्वामी ने कहा: सफलता का माप किसी के काम की गुणवत्ता में निहित है, न कि उसके संपर्कों की संख्या में। अपने पूरे करियर के दौरान, मैंने पार्टी और मीटिंग्स से ज्यादा अपने काम को प्राथमिकता दी है। प्रत्येक कार्य किसी न किसी कार्य का बाय-प्रोडक्ट होता है। जब आप सेट पर पहुंचते हैं, तो आपका निर्देशक जानना चाहता है कि क्या आप पात्रों की गहरी समझ रख सकते हैं, और दर्शकों पर स्थायी प्रभाव छोड़ सकते हैं।

एक्ट्रेस को हाल ही में फिल्म 'ज्विगाटो' और वेब सीरीज 'हश-हश' में देखा गया था, वह अपकमिंग मर्डर-मिस्ट्री फिल्म 'नियत' में भी दिखाई देंगी।

# भोजपुरी फिल्म के मशहूर अभिनेता आदित्य ओझा और अभिनेत्री मनी भट्टाचार्य शूटिंग के लिए पहुंचे भिलाई

अंचल के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं बिजनेस मेन गुरविंदर सिंह एवं अक्षय कुमार द्वारा निर्मित एवं पिक्चर वाले प्रोडक्शन के बेनरतले बनने वाली भोजपुरी फिल्म किस्मत कनेक्शन का मुहुर्त शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज जुनवानी में विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुआ। इसके साथ ही शंकराचार्य कालेज में इस फिल्म की शूटिंग भी प्रारंभ हुई जो आगामी कई दिनों तक भिलाई और दुर्ग के कई स्थानों पर इस फिल्म का फिल्मांकन किया जायेगा।

मुहुर्त के दौरान फिल्म के निर्माता गुरविंदर सिंह एवं अक्षय कुमार, क्रियेटिव डायरेक्टर अभिषेक सिंह, इसके निर्देशक संजीत कुमार, छत्तीसगढी एवं भोजूरी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता शमशीर सिवानी, सहायक निर्देशक सुशील श्रीवास्तव उर्फ प्रेम एवं कैमरामैन विक्रम गोसाई उपस्थित थे। इस फिल्म के क्रिर्येटिव डायरेक्टर एवं छत्तीसगढी व भोजपूरी फिल्मों के सुप्रसिद्ध निर्देशक अभिषेक सिंह ने हमारे संवादादाता से चर्चा करते हुए बताया कि फिल्मों के डिमांडेड हिरोआदित्य ओझा एवं भोजपूरी सिने जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री मनी भट्टाचार्य इसमें हिरोईन है। इसके अलावा इस फिल्म में भोजपूरी फिल्मों के कई प्रसिद्ध एक्टर्स इसमें अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं जिसमें भोजपुरी फिल्मों के लिजेंड एक्टर रजनीश झांजी, शमशीर सिवानी, नकुल महलवार, विवेक चंद्रा, उषा विश्वकर्मा, दिव्या नागदेवे, सुब्रत शर्मा, तेजराम साहू, अखिलेश वर्मा सहित भोजपूरी और छत्तीसगढी फिल्मों के कई जानी मानी हस्तियां इसमें अभिनय कर रहे है। ज्ञातव्य हो कि गुरविंद सिंह इससे पहले भी भोजपूरी फिल्म पिया मिलन चौराहा के अलावा कई फिल्मों का निर्माण कर चुके है। फिल्म के निर्माता गुरविंदर सिंह एवं अक्षय कुमार ने बताया कि इसके राईटर संदीप कुावाहा, संगीतकार साहिल, मेकपमैन आलेख जेना है। फिल्म के सभी दृश्यों को अपने कैमरे में कैद करने का कार्य भोजपूरी सिने जगत के जाने माने कैमरामैन विक्रम गोसाई कर रहे है। इसके कोरियरग्राफर जीतू राजपाल है। तो मुख्य सहायक निर्देशक सुशील श्रीवास्तव उर्फ़ प्रेम, असिस्टेंट डायरेक्टर अरविंद सोनी है। फिल्म के पूरी यूनिट को संभालने का कार्य यानि प्रोडक्शन मैनेजरअशोक गौर, प्रोडक्शन सहायक विनोद शर्मा, पंकज यादव, निशांत बाजड़ है। फिल्म के डायरेक्टर संजीत कुमार ने इस दौरान बताया कि यह फिल्म रोमांटिंक एवं सस्पेंस तथा पारिवारिक फिल्म है। भोजपूरी में बनी और बनने वाली बाकी फिल्मों से इसकी कहानी एकदम अलग हटकर और बहुत ही मजेदार है जो दर्शकों को बहुत पसंद आयेगी।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### नरवा योजना गांव के कृषकों के लिये बना वरदान

**जशपुरनगर।** नरवा विकास योजना छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका मूल उद्देश्य नदी-नालों एवं जल स्त्रोतों को पुनर्जीवन प्रदान करना है। आज नरवा विकास योजना ने राज्य के नरवा एवं जल स्त्रोतों के उपचारित करने, भूमिगत जल स्तर सुधार एवं मृदा क्षरण रोकने में महती भूमिका निभा रही है। योजना से सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि होने से अब किसान भी रबी फसल लेने के लिए प्रोत्साहित हो रहे है। नरवा कार्यक्रम के तहत् सिहारजोरी नाला गहरीकरण करने के पश्चात् साथ ही नाला का साफाई सह बेड सुधार करने से पूरे वर्ष भर पानी की उपलब्धता होने से कृषकों में खरीफएवं रवी दोनो फसल लेने में रूचि लिया गया । वे खेतों, बगानों में सब्जी-भाजी का अधिक मात्रा में उत्पादन किया जा रहा है। नाला के साफसफाई एवं पचरी निर्माण होने से नाला के समीप स्थित भूमि के कृषकों का कृषि के प्रति रूझान बढ़ा है। ग्राम के नाला के लाभार्थी कृषकों में मुख्य रूप से बिरसीयुस तिर्की, रेजीनाल्ट तिर्की, अनिल तिर्की, अबनेर लकड़ा आदि हैं। लाभार्थी कृषक राजेश कुमार ने बताया की वे अपने खेतों व बगानों में गेंहू, धान, व सब्जी जैसे आलू, प्याज , भिंडी, बरबट्टी, भाजी आदि की खेती कर सालाना 20 से 30 हजार रूपये का मुनाफा ले रहे है। जिससे सभी कृषक अपने जीवन स्तर में वृद्धि कर रहें है। नरवा कार्यक्रम अन्तर्गत नाला का उपचार होने गांव के कृषकों के लिये वरदान साबित हो रहे हैं। आय के अतिरिक्त स्त्रोत प्राप्त हुआ है साथ ही पशुओं के लिये चारा पानी हेतु पानी गर्मी दिनों मे भी आसानी से उपलब्ध हो रहा है। साथ ही पचरी का निर्माण होने से ग्रामीणों के निस्तारीकरण में भी सुलभ हो रही है। यह ग्राम पंचायत केरसई जनपद पंचायत फरसाबहार के नरवा कार्यक्रम अन्तर्गत नाला गहरीकरण कार्य सिहारजोरी नाला में अबनेर घर के पास का है। जिसे 6.45 लाख रुपए में बनाया गया है ।

### अभ्यारण्य क्षेत्र के ग्रामवासियों की कई मांग पूरी होने की पहल पर अनिश्चित कालीन हड़ताल की स्थगित

**धमतरी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, नगरी श्रीमती गीता रायस्त द्वारा जनपद पंचायत, नगरी के सभाकक्ष में अभ्यारण्य संघर्ष समिति, रिसगांव और किसान संघर्ष समिति, बेलरबहरा के प्रतिनिधियों की बैठक लिया गया। एसडीएम श्रीमती गीता रायस्त ने अभ्यारण्य क्षेत्र के प्रभावित गांवों के ग्रामवासियों के समस्याओं एवं मांगो के निराकरण के सम्बंध में अब तक कि गयी कार्यवाही से समिति को अवगत कराया गया। जिला प्रशासन द्वारा समस्या और मांगो के निराकरण के लिए अब तक किये गए पहल के कारण समिति के सदस्यों ने आगामी 10 जुलाई को प्रस्तावित अनिश्चित कालीन हड़ताल को स्थगित कर दिया है। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी द्वारा अभ्यारण्य संघर्ष समिति एवं प्रभावित गांव के ग्रामवासियों की मांग एवं समस्याओं का बारीकी से परीक्षण कर सभी विभाग को निराकरण के निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने अभ्यारण क्षेत्र के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी विभाग को समन्वय से कार्य करने कहा था। उसी के परिणाम स्वरूप उक्त क्षेत्र के ग्रामवासियों की कई मांग पूरी हो गयी। एसडीएम ने समिति के सदस्यों को बताया कि बताया कि रिसगांव के ग्रामीणों द्वारा एम्बुलेंस की मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एम्बुलेंस की सेवाएं प्रारम्भ कर दी गई है। इसी प्रकार उप स्वास्थ्य केंद्र में एक आरएचओ महिला तथा एक सीएचओ पदस्थ है।

#### शिक्षाविद एवं साहित्यकार डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार चिन्हारी सम्मान 2023 से सम्मानित

# छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति को सहेजकर रखना जरुरी : ममता चंद्राकर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ चिन्हारी साहित्य समिति भिलाई द्वारा वर्ष 2023 का चिन्हारी सम्मान शिक्षाविद एवं साहित्यकार डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार को दिया गया। वे अंचल के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. तेजराम दिल्लीवार के ज्येष्ठ सुपुत्र हैँ। आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़िया की प्रतीक धोती और पगड़ी, अहिंसा के प्रतीक गाँधीजी और उनका चरखा, सुख-दु:ख के प्रतीक सुवा, सुनहरे धान की बालियां, प्रशस्ति पत्र एवं सम्माननिधि के रूप मे ग्यारह हजार रूपये समिति के द्वारा देकर सम्मानित किया गया।**



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की कुलपति एवं छत्तीसगढ़ की स्वर-कोकिला पद्मश्री डॉ. ममता चंद्राकर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि दु:ख होता है कि हम अपने छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति को भूलते जा रहे हैँ, इन्हे सहेजकर रखने की आवश्यकता है। चिन्हारी साहित्य समिति यह आयोजन पूरी तरह छत्तीसगढ़ी परम्परा एवं संस्कृति का निर्वहन करते हुए कर रही है। इस आयोजन को देखकर एक सुखद अनुभूति भी मेरे मन को हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप ने कहा कि आज के इस दौर मे छत्तीसगढ़ अंचल मे छत्तीसगढ़ी भाषा मे साहित्य की प्रत्येक विधाओं का सृजन हो रहा है। फिर भी आने वाले भविष्य मे ऐसे साहित्यिक रचना की आवश्यकता है जो साहित्य जगत मे छत्तीसगढ़ी भाषा को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर सके और मुझे पूरी उम्मीद है कि वह दिन भी जरूर आएगा ज़ब छत्तीसगढ़ी भाषा राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाने मे कामयाब होगी।

विशेष अतिथि के रूप मे कुंवर सिंह निषाद, संसदीय सचिव एवं विधायक, गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपनी छत्तीसगढ़ी भाषा को अधिक से अधिक प्रचारित-प्रसारित करें। इसके लिए छत्तीसगढ़ी भाषा मे एम. ए. की कक्षाएं प्रारम्भ करवाने एवं इनके विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। वक्ता के रूप मे डॉ. राजेश श्रीवास, अधिष्ठाता, अध्ययन मण्डल हिंदी, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर ने चिन्हारी समिति के संयोजक दुर्गाप्रसाद पारकर द्वारा रचित छत्तीसगढ़ी उपन्यास बहु हाथ के पानी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपन्यास छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर आधारित एक बेहतरीन उपन्यास है। इस उपन्यास की कहानी आज के प्रत्येक घर की कहानी है. इस उपन्यास के माध्यम से पारकर ने छत्तीसगढ़ की विभिन्न समस्याओं को न केवल उठाया है बल्कि उसका समाधान भी प्रस्तुत किया है। वर्तमान मे यह उपन्यास छत्तीसगढ़ के चर्चित उपन्यासों की श्रेणी मे है। आज के दौर मे इस तरह के उपन्यासों की रचना बहुत कम हो रही हैँ।

डॉ. मृदुला सिंह, अधिष्ठाता, हिंदी अध्ययन मण्डल, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा ने छत्तीसगढ़ी नाटकों पर चर्चा करते हुए दुर्गा प्रसाद पारकर के नाट्य संग्रह सुराजी गांव के सन्दर्भ मे अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि संग्रह मे सुराजी गांव शीर्षक के ठीक नीचे छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी - नरवा, गरवा, घुरुवा और बारी लिखा है, जो शीर्षक को बखूबी स्पष्ट करने में सहायक है. इस केंद्रित योजना को सफल बनाने में नाटककार ने अपने नाटक में स्पष्ट किया है कि यह सत्य भी है कि सरकारी योजना फाइलों में दबकर रह जाती है, सिस्टम में दोष है किन्तु हम जागरूक होंगे तो योजनाएँ भी सफल होंगी।

डॉ. डी. एस. ठाकुर, अधिष्ठाता, हिंदी अध्ययन मण्डल, अटलबिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने पारकर की नयी कविता सिधवा झन समझव तथा कविता संग्रह सुमिरव छत्तीसगढ़ पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि पारकर ने हिंदी की नयी कविता के तर्ज़ पर छत्तीसगढ़ी भाषा मे सिधवा झन समझव जैसा कविता संग्रह देकर एक अभिनव पहल किया है।

## बिहान सम्मेलन में शिरकत कर संसदीय सचिव ने बढ़ाया उत्साह



श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** बिहान अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता समूह द्वारा आयोजित बिहान सम्मेलन में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की मांग पर खैरा में बिहान कलस्टर भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से पांच लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की।

आज शनिवार को बिहान केंडर व बिहान अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता समूह द्वारा शहर के शंकराचार्य भवन में बिहान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की गरीब महिलाओं को स्व-सहायता समूह के रूप में संगाठित कर उन्हें क्षमतावर्धन आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार प्रदान किया जा रहा है। आज महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर होकर अपने सपने को साकार कर रही हैं। इसके अलावा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए गौठान में वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के साथ ही विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। गौठान और रीपा के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला कोष के बजट में ऐतिहासिक वृद्धि की है। पहले महिला कोष को एक या दो करोड़ रूपए का वार्षिक आबंटन उपलब्ध होता था, मगर वर्ष 2023-24 में 25 करोड़ रूपए का वार्षिक बजट उपलब्ध कराया गया है। महिला कोष द्वारा संचालित सक्षम योजना में दो करोड़ 63 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया है, जो योजना शुरू होने के बाद किसी भी वित्तीय वर्ष में स्वीकृत किए गए ऋणों में सर्वाधिक है।

## महाप्रभु वल्लभाचार्य पीजी कॉलेज परिसर में अब फ्री वाई-फाई की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुन्द। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर कॉलेज में अब फ्री वाई-फाई की सुविधा शुरू हो गई। संसदीय सचिव व जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर कॉलेज कैंपस फ्री वाई-फाई से लैस हो सका है। जिसका लाभ विद्यार्थी उठा सकेंगे।गौरतलब है कि शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर कॉलेज में जब से संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बने हैं तब से कॉलेज नित नए सोपान तय कर रहा है।**

इसी तारतम्य में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर कॉलेज परिसर में वाई फाई की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। समिति का दायित्व संभालने के बाद तथा विद्यार्थियों की मांग पर श्री चंद्राकर द्वारा वाई फाई की सुविधा मुहैया कराने कवायद की जा रही थी। लिहाजा अब कॉलेज परिसर के चार विभिन्न एरिया में बीएसएनएल का डिवाइस लगाया गया है। जिसके माध्यम से विद्यार्थी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि जिला मुख्यालय स्थित पीजी कॉलेज महाविद्यालय अब वाई-फाई सुविधा से लैस हो गया है। विद्यार्थी अब मुफ्त वाई -फाई सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अब मोबाइल से पाठ्यसामग्री अपलोड करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि वाई-फाई सुविधा होने से विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन, विभिन्न विषयों की जानकारी समेत अन्य ज्ञानवर्धक जानकारी अपने मोबाइल में डाउनलोड कर सकेंगे। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का कहना है कि जनभागीदारी समिति विद्यार्थी हित में अध्ययन-अध्यापन सुविधाओं के विस्तार के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने बताया कि यहां विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विधायक निधि से कैंटिन निर्माण के लिए दस लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। छात्राओं के लिए सर्वसुविधायुक्त गर्ल्स कामन रूम का निर्माण कराया गया है। ओपन जिम निर्माण के साथ ही 12 स्नातकोत्तर विभागों द्वारा आनलाइन सेमीनार कराने राशि की स्वीकृति, स्थापना सहित विज्ञान संकाय के सभी विभागों में लैब सामाग्री क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी राज्य सरकार को बर्खास्त करने की मांग करेगी- रघु ठाकुर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भोपाल। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक भोपाल में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर ने कहा कि- मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था समाप्त हो चुकी है। पहले प्रदेश जातीय भेदभाव से ग्रस्त रहा है। परंतु, अब तो स्थितियां बदतर हो चुकी हैं। सीधी में भाजपा नेता के द्वारा जिस प्रकार एक आदिवासी के ऊपर बेशर्मी से पेशाब की गई, उसे सारे देश ने देखा है।**



प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने आदिवासी के पैर धोकर उसे सुदामा कहा है। परंतु, क्या इस पैर धोने से प्रदेश की कानून व्यवस्था सुधर गई?? सुदामा अपने मित्र कृष्ण के पास मदद मांगने के लिए आए थे। परंतु, सीधी के मामले में तो सुदामा को पुलिस प्रशासन के बल पर भोपाल लाया गया। यहां तक की सुदामा की पत्नी ने पैसे लेने से इंकार कर दिया और कहा कि बस मेरे पति को वापस भेज दो। मुख्यमंत्री जी ने तो इतिहास ही बदल दिया।

सीधी-कांड के तत्काल बाद शिवपुरी कांड हो गया जहां पर बरखाडी गांव में मनोज जाटव और संतोष केवट नामक युवकों के चेहरों पर कालिख पोत कर जुलूस निकाला गया और उन्हें मल खिलाया गया।आजादी के 75 वर्ष बाद, ऐसी वीभत्स और अमानवीय घटनाएं मानवता को शर्मसार और शासन प्रशासन की अक्षमता को उजागर करती हैं। आखिर,ये घटनाएं इसीलिए हो रही हैं कि मध्य प्रदेश सरकार ने सत्तापोषित व संरक्षित अपराधियों को खुला संरक्षण दिया है- चाहे वे स्पीकर महोदय के बेटे हो या केंद्रीय मंत्री के। इससे अपराधियों का मनोबल आसमान पर है और वे सभी सीमाएं लाँघ चुके हैं। इंदौर में, बाहुबलियों के भय से मकान मालिकों ने अपने घरों पर -मकान बेचना है की सूचना लटकाई है।

पार्टी ने निर्णय लिया है कि- 11 जुलाई (दिन मंगलवार) को मध्य प्रदेश की पार्टी की सभी जिला शाखाएं अपने-अपने जिलों में महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन देंगी और मांग करेंगी कि मध्यप्रदेश सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। रघु ठाकुर जी ने गुजरात पार्टी शाखा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र संखालिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री संखालिया जी सही अर्थों में लोहिया अनुयायी हैं। उन्होंने कल 7 जुलाई को ही अहमदाबाद में प्रदर्शन कर सीधी-कांड के अपराधियों के ऊपर कार्यवाही की मांग की है।

पार्टी ने तय किया है कि आगामी 24 जुलाई (सोमवार)को दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना देंगे और मध्यप्रदेश की अक्षम सरकार को राष्ट्रपति जी से बर्खास्त करने की मांग करेंगे।

## बहुत ही कम समय में 140 से अधिक अंतरिक्ष स्टार्टअप्स के साथ, भारत ने मजबूत स्थिति हासिल कर ली है और पूरा विश्व इसे स्वीकार करने लगा है : डॉ. जितेंद्र सिंह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग तथा कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज कहा है कि बहुत ही कम समय में 140 से अधिक अंतरिक्ष स्टार्टअप्स शुरू हुए हैं। समय के साथ, भारत ने मजबूत स्थिति हासिल कर ली है और अब पूरा विश्व अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की क्षमताओं और उसकी क्षमता को स्वीकार करने लगा है।**



आज यहां बेंगलुरु में स्पेस इकोनॉमी लीडर्स मीटिंग (एसईएलएम) के जी -20 चौथे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है जिन्होंने भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी खिलाड़ियों के लिए खोल दिया, जिससे पिछले कुछ वर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र में भारी उछाल आया है। उन्होंने कहा कि भले ही भारत ने कुछ अन्य देशों की तुलना में कई साल बाद अपनी अंतरिक्ष यात्रा शुरू की, फिर भी यह भारत ही है जो विश्व की अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसियों के लाभ के लिए महत्वपूर्ण संकेत और इनपुट प्रदान कर रहा है। मंत्री महोदय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान अंतरिक्ष संबंधी समझौते एजेंडे का प्रमुख घटक थे और यह तथ्य इस बात का संकेत है कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अग्रणी होने का दावा करने वाले देश भी अपनी अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों में मूल्यवर्धन के लिए आज भारत की ओर देख रहे हैं। निजी क्षेत्र की सराहना करते हुए, डॉ. जितेंद्र सिंह ने अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में उनकी उभरती भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि बाह्य अंतरिक्ष की खोज के लिए मनुष्यों की बढ़ती महत्वाकांक्षा के परिप्रेक्ष्य में वैश्विक सहयोग और गठबंधन महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए उत्तरदायी अंतरिक्ष यात्रा करने वाले देशों का गठबंधन होना समय की मांग है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि मानवता का भविष्य का विकास सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजीज) को प्राप्त करने और जन सामान्य के जीवन को बेहतर बनाने के लिए स्त्रोतों का जिम्मेदारीपूर्वक दोहन करने तथा संसाधनों को एकत्रित करने के साथ ही अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की हमारी सामूहिक क्षमता में निहित है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए उत्तरदायी अंतरिक्ष यात्रा करने वाले देशों का गठबंधन होना समय की मांग है और जैसा कि इस कार्यक्रम के विषय में सही ढंग से दर्शाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि और जैसा कि हम संस्कृत भाषा में 'वसुधैव कुटुंबकम' कहते हैं - ''यह भारत के जी-20 की विषयवस्तु - ''एक पृथ्वी, एक अंतरिक्ष और एक भविष्य'' को सटीक रूप से दर्शाता है।

मंत्री महोदय ने कहा कि चूंकि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अर्थव्यवस्था के विभिन्न स्तंभों को एक छतरी के नीचे एकीकृत करती है, इसलिए यहां किए गए निवेश का विभिन्न देशों और अर्थव्यवस्थाओं के समग्र विकास पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। अध्ययनों का अनुमान यह है कि आने वाले दशक में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था अगला ट्रिलियन-डॉलर क्षेत्र होगा।

उन्होंने आगे कहा कि अर्थव्यवस्था में अंतरिक्ष के महत्व को ध्यान में रखते हुए, भारत ने अपनी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को खोलने, एकीकृत करने और अन्य देशों के साथ गठबंधन विकसित करने के लिए विभिन्न उपाय शुरू किए हैं।

### चौपाटी फूड स्टालों, किराना दुकानों, होटल में स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी निरीक्षण

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. के आदेशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा बरसाती मौसम एवं त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त चौपाटी फूड स्टालों,किराना दुकानों, होटल में स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमित निरीक्षण, नमूना संग्रहण एवं अनियमितता पाये जाने पर कार्यवाही किया गया। तोकापाल ब्लॉक के समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों एवं डिमरापाल मेडिकल कॉलेज जगदलपुर के सामने संचालित फूड स्टालों, किराना दुकान एवं होटलों का सघन निरीक्षण खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं टीम द्वारा किया गया। इस दौरान खाद्य लाइसेंस की जांच की गई, जिसमें बहुत से प्रतिष्ठानों में लाइसेंस नहीं पाया गया, उन्हें सात दिवस का समय देते खाद्य लाइसेंस-पंजीयन लेकर ही खाद्य कारोबार करने हेतु निर्देशित किया गया। मोबाईल फुड लैब के माध्यम से नमूना संग्रहण किया गया एवं फूड लैब द्वारा तत्काल नमूना जांच कर रिपोर्ट दिया गया।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### दंतेवाड़ा में जहरीले सांप के डसने से बच्चे की मौत, एंबुलेंस नहीं मिली तो जवान ने की थी मदद फिर भी नहीं बची जान

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले सर्पदंश का मामला सामने आया है। जिले के कटेकल्याण ब्लाक के माथाडी गांव में रविवार की सुबह एक बच्चे को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजनों को एंबुलेंस नहीं मिली तो यहां गश्त करने वाले एक जवान ने मदद की। बच्चे को अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई।

मिली जानकारी के अनुसार कटेकल्याण ब्लाक के माथाडी गांव में सुबह बच्चा खेल रहा था। इस दौरान जहरीले सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसने से वह गिर पड़ा। परिजनों ने पहले एंबुलेंस को सूचना दी लेकिन एंबुलेंस नहीं मिली। इसके बाद परिजन बच्चे को खुद ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर जाने लगे। इधर गश्त पर निकले जवानों को इसकी जानकारी लगी। इसके बाद एक जवान शैलेन्द्र कुमार अपनी बाइक लेकर पहुंचा और बच्चे को अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जवान ने अपना काम किया लेकिन बच्चे की रास्ते में ही मौत हो चुकी थी।

### मदद मांगने पर बाइक से छोड़ने गया युवक हुआ लूट का शिकार

**कोरबा ( ए )।** घंटाघर के पास दो युवकों के मदद मांगने पर उन्हें बाइक से छोड़ने गया युवक लूट का शिकार हो गया। लिफ्ट लेने वालों ने दोस्तों के साथ मिलकर उससे लूटपाट की। घटना के बाद डरे-सहमे युवक ने 10 दिन बाद घटना की रिपोर्ट लिखाई।

शहर के कांशीनगर नूरी मस्जिद के पास निवासी शुभम मजदूरी करता है। वह 10 दिन पहले बाइक में रात 11 बजे घंटाघर के पास सामान लेने गया था, जहां पर उसे दो युवक मिले। जिन्होंने अपने पास बाइक नहीं होने की बात कहते हुए मुड़ापार हेलीपेड तक छोड़ने के लिए मदद मांगी। शुभम उन्हें बाइक में बिठाकर वहां छोड़ने गया, तब उन्होंने थोड़ी दूर आगे कब्रिस्तान तक छोड़ने को कहा। जहां पहुंचने पर दो युवक शराब पीते दिखे। बाइक रूकते ही वे पास आ गए। इतने में मदद मांगकर वहां तक पहुंचे दोनों युवकों के साथ वे लोग मिलकर मारने-पीटने की धमकी देकर उससे लूटपाट करने लगे। उसके पर्स से 83 सौ रुपए, मोबाइल, सोने का बाली, आधार कार्ड समेत करीब 30 हजार की लूटपाट की। घटना के बारे में किसी को नहीं बताने की धमकी भी दी।

## खुर्सीपार पुलिस की गिरफ्त में शातिर चोर

# रायपुर के कबाड़ी के पास टुकड़ों मे मिली चोरी की हाइवा, डबरापारा चौक से हुई थी चोरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि पुलिस की नाक के नीचे से चोरी करने में भी हिचकिचा नहीं रहे हैं। पिछले दिनों डबरापारा चौक के पास ट्रांसपोर्ट नगर रोड पर खड़ी हाइवा चोरी हो गई। जब मामले की शिकायत पहुंची तो पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू की। सीसी टीवी फुटेज का पीछा करते हुए पुलिस रायपुर के एक कबाड़ी के पास पहुंची। यहां पर पुलिस यह देख हैरान रह गई कि जो हाइवा चोरी हुई थी वह यहां कई टुकड़ों में है। कबाड़ी से पूछताछ में चोरों का सुराग मिला। पुलिस ने इस मामले में रायपुर के कबाड़ी के साथ कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



मिली जानकारी के अनुसार गुरू घासीदास नगर खुर्सीपार निवासी हाइवा चालक अवध बंजारे ने हाइवा चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने अपनी शिकायत में बताया कि हाइव खुर्सीपार निवासी अनिल पाण्डे की है। हाईवा ट्रक सीजी 12 सी 2255 को को उसने खाली करने के बाद 24 जून की दोपहर 3 बजे डबरापारा चौक आफताब गैरेज के पास खड़ी कर घर चला गया। 26 जून की सुबह 9.30 बजे वह पहुंचा तो वहां हाइवा नहीं थी। किसी ने हाइवा चुरा ली।

जिस समय हाइवा चोरी हुई तब वाहन मालिक अनिल पाण्डेय यूपी गया हुआ था। इसकी सूचना के बाद अनिल पाण्डेय ने भिलाई लौटकर हाइवा की खोज कराई। नहीं मिलने पर 2 जुलाई को खुर्सीपार थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने हाइवा की तलाश की तलाश शुरू की। घटना स्थल के आसपास का सीसी टीवी फुटेज चेक करने पर पुलिस को एक सफेद कार क्रमांक सीजी 15 सीयू 1110 का दिखा तो रेकी करता रहा। इसके बाद मौका मिलते ही कार से उतरे कुछ लोगों ने हाइवा को मास्टर की से खोला और लेकर चले गए।

इस दौरान देखा गया कि हाइवा कार के पीछे-पीछे चल रही थी। पुलिस रास्तेभर के सीसी टीवी फुटेज को चेक करते हुए हीरापुर रायपुर के कबाडी शिव बच्चा तिवारी तक पहुंची। यहां पर हाइवा कई टुकड़ों में बरामद किया गया। कबाड़ी ने बताया कि आयुष कुमार पाण्डे, आबिद अंसारी, मो अहमद, मो साकिब हाइवा को चुराया और यहां लाने के बाद उसे गैस कटर से काटकर टुकड़ों में बदला गया। अलग अलग पार्ट में हाइवा को काटकर चोरों ने बेच दिया।

ओरोपियो के कब्जे से हाइवा ट्रक का कटा पार्टस, इंजन, टायर, नंबर प्लेट, डाला, गैस कटर, गैस सिलेडंर, नकदी रकम 1 लाख 25 हजार रुपए व घटना में प्रयुक्त होण्डा कार जुमला कीमत 15 लाख की मशरूका बरामद किया गया। इस पूरी कार्रवाई में एसीसीयू निरीक्षक संतोष मिश्रा, निरीक्षक विरेन्द्र श्रीवास्तव, एएसआई शमित मिश्रा, यशवंत श्रीवास्तव, नागेन्द्र बंछोर, सत्येन्द्र मढरिया, प्रधानमंत्री चंद्रशेखर बंजीर, आरक्षक अरविदं मिश्रा, रिंकु सोनी, डी रमेश, अमित दुबे, राकेश चौधरी, भावेश पटेल, रमेश पाण्डे, नितिन सिंह, गुनीत निर्मलकर तथा थाना खुर्सीपार के आरक्षक हर्ष देवागन, चुमुक लाल सिन्हा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## महिलाओं के साथ अभद्रता का मामला

# शादी में महिलाओं से अभद्रता का विरोध करने पर हो गया बलवा



**बिलासपुर ( ए )।** शादी के दौरान महिलाओं के साथ अभद्रता करने से मना करने के विवाद को लेकर लड़की के घरवाले और बारातियों पर गांव के ही बदमाश युवकों ने लाठी से हमला कर दिया। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है। ग्राम भोथीडीह निवासी श्यामलाल धनुहार(24) रोजी मजदूरी करता है। 6 से 8 जुलाई तक उसकी छोटी बहन सुनीता की शादी थी।

शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान 7 जुलाई की रात करीब 9 बजे गांव के ही कैवर्त, संजू यादव अपने साथियों के साथ उनके घर कार्यक्रम में आए थे। उन्होंने घर की लड़कियों व महिलाओं के साथ अभद्रता शुरू कर दी। मना करने पर घर चले गए। दूसरे दिन शनिवार 8 जुलाई को ग्राम कटनई का लक्ष्मण धनुहार उनके घर बारात लेकर आया। परगहनी के बाद मंडप पर कार्यक्रम चल रहा था।

रात करीब 8 बजे बाराती घर में खाना खा रहे थे। उसी समय गांव के ही नरेन्द्र कैवर्त, राजा कैवर्त, मनीष गोंड़, मंजू यादव, किशन यादव व प्रहलाद कैवर्त मंडप में आकर एक दिन पहले के विवाद पर गाली गलौज करने लगे। उन्होंने जान से मारने की धमकी दी और श्यामलाल, दिलहरण, रामबाई, सूरज के साथ मारपीट की। रात करीब 9.30 बजे पता चला कि लावर मोड़ के पास कुछ लोग बारातियों के साथ विवाद और मारपीट कर रहे हैं। जानकारी लेने पर श्यामलाल, मनोज धनुहार, सूरज धनुहार, मोहन धनुहार, बद्री धनुहार व उनके घरवाले वहां गए तो नरेन्द्र कैवर्त, राजा कैवर्त, मनीष गोंड़, मंजू यादव, किशन यादव, प्रहलाद कैवर्त अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने इनके अलावा बारातियों पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला किया। मारपीट से श्यामलाल के सिर व शरीर में कई जगह चोंट लगी और खून बहा। गांव के ही मनोज कुमार, मोहन, सूरज, बद्री को भी चोटें आई है। पुलिस ने श्याम लाल धनुहार की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट, बलवा का केस दर्ज किया है।

# मोबाइल चोरी करने वाले नाबालिग समेत 6 गिरफ्तार



**धमतरी ( ए )।** गंगरेल पहुंचे पर्यटक की मोबाइल चोरी मामले में 6 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। जानकारी के मुताबिक राधेश्याम पटेल द्वारा थाना सिविल लाइन रुद्री उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की 07/072023 को उसका भतीजे संजू पटेल एवं दोस्त दुर्गेश ढीमर घूमने गंगरेल गए थे गंगरेल में अंगार मोती मंदिर में दर्शन के दौरान हाथ पैर धोने के समय करीबन 3:00 बजे मंदिर चबूतरे पर रेडमी कंपनी एवं ओप्पो कंपनी का दो मोबाइल रखा था जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर रूद्री थाना के अपराध क्रमांक 53/ 2023 धारा 379 भादवि. पंजीबद्ध कर अपराध विवेचना में लिया गया।

जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि 6 लोग दो मोबाइल को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं, जिन्हें त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया पूछताछ के दौरान रमजान खान पिता कयूम खान उम्र 20 वर्ष साकिन सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 40 थाना सिटी कोतवाली धमतरी द्वारा स्वयं एवं 5 विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा उपरोक्त दोनों रेडमी कंपनी एवं ओप्पो कंपनी का मोबाइल को चोरी करना बताएं, रमजान खान से विधिवत ममोरेंडम लेकर चोरी किए मोबाइल की जप्ती की कार्यवाही की गई।

वही पांच विधि से संघर्षरत बालकों को विधिवत बाल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रूद्री निरीक्षक शरद ताम्रकार, सउनि. अरविंद नेताम प्रआर. संतेर सोरी,आरक्षक योगेश नाग, मुकेश मिश्रा, बोधन निषाद का विशेष योगदान रहा।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, आरोपी ड्राइवर की तलाश जारी

**रायपुर (ए)।** रायपुर जिले के धरसींवा से सटे चरौदा में रविवार को हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसा दोपहर 1 बजे हुआ। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामला धरसींवा थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, युवक गणेश विश्वकर्मा ग्राम परसतराई का रहने वाला था। वो रविवार को अपनी बाइक (क्रमांक CG04 PE 3260) से किसी काम से सिलतरा गया था। घर वापस लौटते वक्त दोपहर 1 बजे जब उसकी बाइक चरौदा गुरू फ्यूल्स के पास पहुंची, तभी उसे एक तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। वहीं युवक भी सड़क पर गिर गया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण गणेश की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों से सूचना मिलने पर धरसींवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि अज्ञात वाहन का पता लगाया जा सके। फिलहाल आरोपी ड्राइवर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

लोगों ने बताया कि रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर धरसींवा-सिलतरा-सांकरा के आसपास अधिकांश दुर्घटनाएं हो रही हैं। रास्ते में कई अंधे मोड़ हैं, जहां विभाग ने चेतावनी का कोई बोर्ड नहीं लगवाया है। इसी मार्ग से होकर औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा, उरला, सांकरा की कंपनियों में काम करने वाले फैक्ट्री कर्मियों का चौबीसों घंटे आना-जाना होता है। रास्तों पर जगह-जगह आवारा मवेशियों का जमावड़ा भी लगा रहता है, साथ ही सड़कों पर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े रहते हैं, जिसके कारण अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं।



### 35 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**मोहला ( ए )।** वनांचल क्षेत्र दो अलग-अलग जरकिन में 35 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। निरीक्षक कपिल देव चंद्रा ने बताया कि 8 जुलाई को आरोपी तुलसी राम मंडावी पिता हर सिंग मंडावी जाति गोड़ 55 साल ग्राम टेकामटोला के घर बाड़ी से 20-20 लीटर के दो जरकिन में एक जरकिन में 20 लीटर एवं एक जरकिन में 15 लीटर कुल 35 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी को उक्त शराब को रखने एवं परिवहन करने के संबंध में नोटिस दिया गया, जिन्होंने किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट का कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।

# 13 बेरोजगारों से 70 लाख की ठगी, जालसाज पकड़ाया तो खाते में मिले केवल 450 रुपए




**रायपुर ( ए )** राजातालाब में किराये के छोटे से मकान में रहने वाले भूपेश सोनवानी ने खरोरा गांव के करीब एक दर्जन ग्रामीण बेरोजगारों को नौकरी का झांसा देकर उनसे 70 लाख से ज्यादा ठग लिए। जालसाज ने मंत्रालय में अपनी ऊंची सेटिंग का झांसा देकर किसी को लेबर इंस्पेक्टर, किसी को खाद्य निरीक्षक तो किसी को आपदा प्रबंधक के पद पर नौकरी का झांसा दिया।

कुछ बेरोजगारों को उसने पिछले दरवाजे से नियुक्ति का झांसा देकर फर्जी फार्म लाकर दिए और उनसे पैसे ले लिए। भांडा फूटने के बाद वह गायब हो गया। अब जब वह पकड़ा गया तो उसके खाते में केवल 450 रुपए ही मिले हैं। पुलिस शातिर ठग भूपेश सोनवानी से पूछताछ कर रही है। वह मूलतः गरियाबंद के गांव का रहने वाला है। उसके पिता शासकीय सेवा में थे।

पिता की मृत्यु के बाद वह रायपुर आकर राजातालाब अमर चौक के पास किराये का मकान लेकर रहने लगा था। इसी दौरान उसने बेरोजगारों से ठगी शुरू की। वह इतना बदमाश है कि उसने बेरोजगारों से पैसे कैश और चेक के माध्यम से लिए और उन्हें विश्वास दिलाने के लिए चेक भी दिया। पैसे लेने के बाद पूरी रकम उसने खर्च कर दी। उसके खाते में भी पैसे नहीं हैं। पुलिस अब उसके करीबी रिश्तेदारों के खातों को खंगाल रही है। गरियाबंद में जमीन का पता चला है। ये पता लगाया जा रहा है कि हाल के दिनों में उसने कहीं कोई प्रापर्टी तो नहीं खरीदी है।

### 2022 में निकली थीं कई विभागों में भर्तियां

जालसाज ने पैसे पिछले साल 2022 अगस्त में लिए। उस समय कई विभागों में भर्तियां निकली थीं। जांच में पता चला है कि कई बेरोजगारों को तो आरोपी ने खुद ही सरकारी दफ्तरों से नौकरी के फॉर्म लाकर दिए। बताया कि फॉर्म में क्या लिखना है। बताया कि कैसे रुपए देकर चयन सूची में नाम आएगा। मंत्रालय में आपदा प्रबंधक पद के लिए लोकेंद्र वर्मा, एम्स में नर्सिंग के लिए बलराम वर्मा, मानुष वर्मा, मेकाहारा में प्यून के लिए और लेबर निरीक्षक के लिए प्रदीप वर्मा, दीपक वर्मा, दुर्गेश वर्मा खाद्य ने निरीक्षक पद के लिए तथा मारुति वर्मा, उर्फ लोकेश वर्मा ने भी भूपेश को पैसे दिए यह सभी रिश्तेदार हैं।


सितंबर में आई चयन सूची

सितंबर 2022 में इन सभी विभागों की चयन सूची जारी हुई। एक भी बेरोजगार की नौकरी नहीं लगी। सभी हैरान रह गए, क्योंकि भूपेश ने उन्हें यकीन दिलाया था कि नौकरी लग जाएगी। उन्होंने जब भूपेश से संपर्क कर सवाल-जवाब किया तो वह टालमटोल करने लगा। सभी ने अपने पैसे वापस मांगे। कुछ दिन तो वह आजकल कहकर टालने लगा। बाद में फरार हो गया।

# अमरूद तोड़ने पेड़ पर चढ़े बच्चे, डाली टूटने से कुएं में गिरे, तीन बच्चों की मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के आरंग में रविवार को एक परिवार की पूरी खुशियां छिन गई। कुएं में गिरने से तीन बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में दो भाई व एक बहन शामिल है। तीनों बच्चे घर पर लगे अमरूद के पेड़ पर अमरुद तोड़ने चढ़े थे और इस बीच डाली टूटने से तीनों सीधे कुएं में गिर गए। घटना के बाद परिवार सहित पूरे गांव में मातम है।



मिली जानकारी के अनुसार आरंग के चरोदा गांव में निवासी जितेन्द्र साहू के घर पर यह हादसा हुआ। दरअसल जितेन्द्र साहू के घर पर कुआं है और कुएं से लगा एक अमरूद का पेड़ है। रविवार को जितेन्द्र साहू का बेटा पेयस साहू (4) उसके बड़े भाई सोमनाथ साहू के बेटे उल्लास साहू (5) व बेटी केशर साहू (8) के साथ अमरूद तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ गया। जिस डाली पर तीनों चढ़े थे वह टूट गई और तीनों सीधे कुएं में जा गिरे।

इधर जितेन्द्र साहू व सोमनाथ साहू अपने बच्चों को काफी देर से खोज रहे थे लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद घर की बाड़ी में अमरूद की डाली टूटी देखी तो उन्हें शक हुआ। इसके बाद वे कुएं के पास पहुंचे और देखा तीनों बच्चों के शव मिले। इसके बाद पूरा परिवार बदहवास हो गया। आनन फानन में पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को निकलवाया और पीएम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे के बाद पुरे परिवार के साथ ही गांव में मातम पसरा हुआ है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

खास - खबर

## बोरसी भाठा तालाब को संरक्षित और गन्दगी मुक्त बनाने में विधायक महापौर के साथ-साथ पार्षद, स्थानीय रहवासी भी सहभागी बनें



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 50 बोरसी भाठा स्थित तालाब का पुराने व परंपरागत जलस्त्रोतों की सफाई के लिए नगर पालिक निगम द्वारा श्रमदान महाअभियान चलाया गया। विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा निगम सफाई कर्मी के साथ साथ स्थानीय पार्षद श्रमदान करने अल सुबह बोरसी भाठा तालाब पहुँचे। उन्होंने इसकी शुरुआत वार्ड पार्षद ज्ञानदास बंजारे, निगम सफाई कर्मी, आम नागरिकों के साथ-साथ और मानव साख समिति के सदस्य के साथ सफाई अभियान अमला की उपस्थिति में किया गया। सुबह से चलने वाले श्रमदान अभियान से जुड़ने विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल और स्थानीय पार्षद ज्ञानदास बंजारे,एल्डरमेन राजेश शर्मा, स्थानीय,समाजसेवी संगठन,मानव साख समिति के सदस्य व वार्ड नगरिक स्वस्फूर्त सामने आये। इस दौरान विधायक अरुण वोरा ने इस अभियान की काफी सराहना की। कहा कल के लिए जल' बचाना समय की मांग है।इसी कड़ी में उन्होंने ये भी कहा कि जलस्त्रोतों की श्रमदान से सफाई किए जाने से बरसाती पानी के संग्रहण में जहां सहायता मिलेगी। वहीं जल संरक्षण और जलस्त्रोतों में गंदगी रोकने के लिए आम नागरिक जागरूक होंगे।तालाब को गंदगी से बचाने का आग्रह, विधायक व पार्षद,मानव साख समिति के सदस्य और स्थानीय श्रमदान करने सुबह बोरसी भाठा तालाब पहुंचकर चारो तरह सफाई की।इस अभियान पर महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने आसपास के रहवासियों से आग्रह किया कि तालाब को गंदगी से बचाएं। जलस्त्रोत के इस तरह दूषित होने से जल प्रदूषण बढ़ रहा है। भीषण जलसंकट की स्थिति को रोकने निस्तारी के लिए उपयोग होने वाले इन तालाबों को संरक्षित करने की जरूरत है। विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने श्रमदान अभियान के लिए पहल को अनुकरणीय बताते हुए अपने-अपने क्षेत्र में नागरिकों को इससे प्रेरणा लेकर तालाब, कुएं और बावड़ी आदि की श्रमदान से सफाई करने आगे आने की बात कही।

## डुमरडीह मे 40 लाख की लागत से विभिन्न कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण हुआ

**दुर्ग।** ग्राम डुमरडीह मे आयोजित भूमिपूजन व लोकार्पण समारोह को मुखय अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए गृह मंन्त्री ताम्रध्वज साहू ने कहा की इस गांव में विकास की दिशा में सतत रूप से काम हो रहा है।जब मैं पाउबारा गांव में था तो मोतीलाल बोरा जी के समय भी कॉंग्रेस को यहां से एकतरफा वोट मिलता था।दुर्ग ग्रामीण विधानसभा सभी सड़को का निर्माण हुआ है। अब हम सब मिलकर डुमरडीह को आदर्श गांव बनायेगे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण व माँग पत्र का वाचन सरपंच चक्षु प्रभा ने किय्या।कार्यक्रम के मुखय अतिथि गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने की।विशेष अतिथि नंदकुमार सेन श्रीमती योगिता चन्द्राकर रिवेन्द्र यादव श्रीमती झमित गायकवाड़ ,मुकुंद पारकर लक्ष्मी साह ड्रा सीमा साहु श्रीमती चक्षुप्रभा योगेश्वर महिपाल थे। इस अवसर पर उपसरपच प्रदीप पाटिल, उमेद जांगड़े,राकेस हिरवानी, राजेश साहू,दिवाकर गायकवाड,टिकेस्वर बघेल, जामवंत गजपाल, गोपाल जांगडे, डीकेश वर्मा, सुर्यप्रकाश टांडन,प्रमिला उपस्थित थी।

# विधायक देवेन्द्र की पहल पर सरकार से मिली स्वीकृति : भिलाई नगर विधानसभा में 1 करोड़ की लागत से होंगे 26 विकास काम

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की पहल से शहर में कई विकास कार्य होने वाले है। जनता की मांग पर विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की है। विधायक श्री यादव लगातार अपने वादों को पूरा कर रहे है। उन्होंने जनता से जो वादा किया उसे निभा रहे है। जो कहा वो कर के दिखा रहे है। इसी कड़ी में उन्होंने करीब 1 करोड़ की लागत से 20 वार्ड में 26 विकास कार्य करवाने वाले है। इसके लिए शासन से स्वीकृति ले लिए है और अब जल्द ही काम शुरू किया जाएगा।

विधायक देवेंद्र यादव लगातार भेंट मुलाकात कर रहे हैं। भेंट मुलाकात के दौरान वे जनता से मिले। उनका कुशल क्षेम जाना। इस दौरान लोगों से विधायक श्री यादव ने जो वादा किया था,उसे वे तेजी से पूरा करते जा रहे हैं।

इसी कड़ी में शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदी करने के लिए आने -जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए यहां के दुकानदारों के लिए वाटर एटीएम लगाए जाएंगे। इसके अलावा जहां जरूरत है। पानी की समस्या है। वहां बोर खनन किया जाएगा। इस प्रकार कुल 98.50 लाख की लागत से निर्माण कार्य किया जाएगा।



### इन वार्डों में होंगे यह कार्य

- वार्ड क्र. 39 चंद्रशेखर आजाद नगर में शिव मंदिर के समीप पेयजल हेतु 3 लाख रुपए से वाटर ए.टी.एम. स्थापना
- वार्ड क्र. 40 मंगल बाजार परिसर में प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य विकास कार्य 7 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 42 मरियम्मा मंदिर के समीप डोम शेड निर्माण कार्य 3 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 43 शास. पू. मा. शाला बापूनगर खुर्सीपार में एक नग बोर खनन कार्य 1 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 44 लक्ष्मीनारायण वार्ड में सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य 5 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 45 बेन्थो उडिया भवन के समीप सार्वजनिक मंच का निर्माण कार्य 3 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 46 सामुदायिक भवन में जीम समाग्री प्रदाय कार्य 6 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 47 न्यू खुर्सीपार मशाल चौक के पास शेड निर्माण कार्य 5 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 47 पीपल पेड के पास मंच निर्माण कार्य 4 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 48 शिव मंदिर के समीप शौचालय निर्माण कार्य 2 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 49 में वाटर कूलर लगाने का कार्य 1.50 लाख रुपए।
- वार्ड 49 काली मंदिर के पास सार्वजनिक मंच निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था 4 लाख रुपए।
- वार्ड क. 50 शास्त्री नगर स्थित सडक 29 में सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य 5 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 50 जोन 2 शास्त्री नगर खुर्सीपार में महिला एवं पुरूष शौचालय बनाने का कार्य 4 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 51 शहिद वीर नारायण सिंह नगर स्थित तेल्हा नाला के पास सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य 3 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 51 श.वीर नारायण सिंह नगर स्थित बम्लेश्वरी मंदिर के पास मंच निर्माण कार्य 5 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 51 एचएससीएल कालोनी खुर्सीपार में सार्वजनिक भवन निर्माण कार्य 5 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 52 सेक्टर 3 सडक 1 शिव मंदिर के पास सार्वजनिक भवन निर्माण कार्य 3 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 53 सेक्टर 1 कास स्ट्रीट में शिव मंदिर के पास सार्वजनिक मंच का सौंदर्यीकरण कार्य 2 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 55 सेक्टर 2 भिलाई नगर स्थित सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 5 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 55 सड़क 14 में 3 लाख की लागत से सामुदायिक मंच निर्माण एवं रेलिंग लगाने का कार्य।
- वार्ड क्र. 61 सी मार्केट पुलिया के समीप स्थित शिव मंदिर के पास सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य 3 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 63 सेक्टर 6 पावर जिम के पीछे मैदान में सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य 4 लाख रुपए।
- वार्ड क. 49 काली मंदिर के पास सार्वजनिक मंच निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था कार्य।
- वार्ड क्र. 64 स्थित बैडमिंटन कोर्ट में एस्ट्रोटर्फ ओपन जिम लगाने एवं पाथवे निर्माण कार्य 5 लाख रुपए।
- वार्ड क्र. 64 सड़क 6 एवं 7 के मध्य बैडमिंटन कोर्ट निर्माण 3 लाख की लागत से किया जाएगा।

### हमने जो कहा वो करके दिखाया

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री हम सब के मुखिया भूपेश बघेल जी ने प्रदेश के विकास के लिए जो भी वादे किए जो भी उन्होंने कहा उसे उन्होंने पूरा किया और करके दिखाना है। उन्हीं के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से हमने भी भिलाई में विकास कार्यों को लेकर जो वादे हमने सम्मानित नागरिकों से किए उसे पूरा कर रहे हैं। भेंट मुलाकात के दौरान हमसे जितने भी लोगों ने जो भी विकास कार्य की मांग की थी, उन सभी विकास कार्य किए। इन नए विकास कार्य की शुरुआत भी जल्द किया जाएगा।

- देवेंद्र यादव, विधायक भिलाई नगर

22 जुलाई को होगा भव्य आयोजन

## अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक प्रेरक वक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी भिलाई में

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** इस्पात नगरी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के भिलाई स्तिथ मुख्य सेवाकेंद्र राजयोग भवन द्वारा कार्यक्रम 'गॉड्स पावर मेरे पास' शनिवार 22 जुलाई को बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड, सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर 7 में संध्या 6:30 से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आध्यात्म जगत की अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता तथा मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी का भिलाई आगमन हो रहा है।

भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी ने शिवानी दीदी के भिलाई आगमन की जानकारी देते हुए। बताया कि शिवानी बहन ने अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद भी भिलाई के लिए समय दिया तथा जो विषय है गॉड्स पावर मेरे पास अर्थात् परमात्मा शक्तियां हर एक के जीवन में धारण हो परमात्मा से हर एक मनुष्य अपने दैनिक जीवन के कर्मो में परमात्म शक्ति धारण करें यह इस कार्यक्रम का लक्ष्य रहेगा। क्योंकि सुनना तथा सुनने के बाद उसे जीवन में धारण करना आवश्यक होता है। परमात्म शक्तियों द्वारा हम जीवन में आने वाली समस्याओं, चिंता, तनाव, डिप्रेशन आदि से सहज ही निकल सकते हैं। हर एक इस लक्ष्य के साथ इस कार्यक्रम का लाभ उठाएं कि परमात्मा शक्तियां गॉड्स पावर मेरे पास है जो मेरे जीवन में कार्य कर रही है। कार्यक्रम के लिए बारिश को देखते हुए विशाल डोम का निर्माण किया जा रहा है।

दुर्ग में भाजपा को झटका:

## 100 से ज्यादा युवाओं ने भाजपा छोड़ कांग्रेस थामा हाथ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले में आज कांग्रेस के लिए बड़ा दिन रहा। दुर्ग कांग्रेस विधायक अरुण वोरा के उपस्थिति में 100 से अधिक युवाओं ने कांग्रेस में प्रवेश किया है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए और दुर्ग शहर में लगातार हो रहे विकास कार्यो से प्रभावित होकर पार्षद प्रकाश जोशी एवं सूरज नायक के नेतृत्व में लगभग 150 युवाओं ने भाजपा से प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस प्रवेश किया है।

## भारत सरकार की श्रेष्ठता परीक्षा में जेआरडी दुर्ग की संजना बांधे ने पाया ऑल इंडिया पांचवा रैंक

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भारत सरकार की सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई श्रेष्ठता योजना के तहत देशभर में ली गई परीक्षा में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मांध्यम जेआरडी विद्यालय दुर्ग की छात्रा संजना बांधे ने भारत में पांचवा रैंक हासिल किया है। संजना की इस उपलब्धि से दुर्ग जिला गौरवान्वित हुआ है। भारत सरकार की सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई श्रेष्ठता शुरू की है। इसे लक्षित क्षेत्र में हाई स्कूल के छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना के रूप में जाना जाता है।



इसका उद्देश्य है शिक्षा क्षेत्र में सेवा से वंचित अनुसूचित जातियों के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में अंतर को पाटने के लिए प्रतिभाशाली अनुसूचित जाति के छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करना ताकि भविष्य में वह अवसरों का लाभ उठा सके। परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चों को भारत के सीबीएसई से संबद्ध सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमी एवं 11वीं में सीधे प्रवेश दिया जाता है। इसमें प्रवेश हेतु राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ह्न्न के माध्यम से परीक्षा ली जाती है इस वर्ष पूरे देश में 3000 छात्रों के लिए कक्षा नवमी एवं 11वीं में प्रवेश का लक्ष्य रखा गया है।

संजना की शिक्षिका उषा शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा में प्रारंभिक तौर पर उन्होंने शाला के दो छात्राओं कुमारी संजना बांधे एवं ऐश्वर्या कोसले को प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भरवाया था। उन्हें परीक्षा केंद्र ज्ञान गंगा स्कूल रायपुर में परीक्षा हेतु सम्मिलित किया गया जिसमे संजना ने 5 वाँ तथा निकिता ने 1565 वां रैंक हासिल किया है। उन्होंने बताया कि वाराणसी के अजय सर से उन्हें नियमित रूप से अभ्यास के लिए गत वर्ष के प्रश्नों को उपलब्ध कराया। उन्ही प्रश्नों का अभ्यास करते हुए उनके द्वारा बच्चों का स्पीड टेस्ट लिया जाता था ताकि बच्चों में जल्द से जल्द प्रश्नों को हल करने की क्षमता विकसित हो। सामान्य ज्ञान एवम् करंट अफेयर के प्रश्नों के लिए उन्होंने नेट की मदद ली है। इस वर्ष उनके द्वारा ग्यारहवीं के 10 तथा नवमी के 10 बच्चों को इस प्रतियोगी प्रतीक्षा में सम्मिलित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### पोल्ट्री फॉर्म में मजदूरी करते हैं माता-पिता

संजना के पिता सुखसागर बांधे व माता सुषमा बांधे पिसेगांव के एक पोल्ट्री फार्म में मजदूरी करते है। संजना की बड़ी बहन निकिता बांधे कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत है। संजना ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मार्गदर्शिका शिक्षक उषा शर्मा को देते हुए बताया कि गणित,विज्ञान,सामाजिक विज्ञान सामान्य ज्ञान एवम् करंट अफेयर के प्रश्नों का अध्ययन उनके द्वारा टैबलेट के माध्यम से नियमित रूप से 6 घंटा किया जाता रहा है।

इसके लिए उन्होंने समग्र शिक्षा दुर्ग का भी आभार व्यक्त किया जिनके द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रायपुर में उसे टैबलेट पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया था। बच्चों की इस उपलब्धि के लिए जिले के कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल,राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के सहायक संचालक डॉ एम सुधीश ,हिंदी माध्यम विद्यालय दुर्ग की प्राचार्य संगीता नायर, एडीपीओ जे मनोहरन, डीएमसी सुरेंद्र पांडेय, एपीसी विवेक शर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव,शाला परिवार के आर के दुबे, अनिल गौतम,श्री सतीश जोशी तथा कृतार्थ दुबे आदि ने बधाई दी है।

## हर आंगन एक पेड़ हो अभियान निंरतर जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** हर आंगन एक पेड़ का बयान लगातार दूसरे रविवार इंडस्ट्रियल स्टेट में किया गया निशु पांडे ने कहा कि अब बच्चों से वृक्षारोपण का संकल्प दिलाया जाएगा कि वे अपने आसपास वृक्षारोपण करें स्कूल के प्राचार्य प्राध्यापक एवं जनमानस को वृक्षों को सहेजने कर बड़े होने तक सुरक्षा करने की शपथ दिलायी जाएगी। पर्यावरण वादी कर्मजीत सिंह ने कहा कि प्रकृति संतुलन के लिए हमें सजग होने की आवश्यकता है अगर हम वृक्षों को नहीं बचाएंगे तो हमें निश्चित रूप से इसका परिणाम भुगतना होगा जब



भी हमें समय मिले हम वृक्षारोपण करें एवं लोगों को प्रेरित करे भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने कहा कि हम सभी अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष लगाएं और उससे सहेजें हमें पटरी पार पर्यावरण संतुलन करना है हम सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है आज जो कंक्रीट के जाल शहरों में बढ़ते जा रहे हैं यह हम सब के लिए चिंता का विषय है हमें जल को बचाने के लिए भी एक अभियान चलाने की आवश्यकता है जहां भी बड़े बड़े स्कूल बन रहे हैं भवन बन रहे हैं वहां पर रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम का अनिवार्य रूप से पालन होना चाहिए अगर हम प्रकृति का यूं ही दोहन करते रहे तो हमें प्रकृति ने जैसे करोना मे अपना रौद्र रूप दिखाया अगर हम फिर भी सचेत नही हुए तो हमें निकट भविष्य में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

# डिस्ट्रिक्ट वी डिस्ट्रिक्ट 323-जी 3 के पदाधिकारियों ने ली शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़,मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में नवगठित डिस्ट्रिक्ट वी डिस्ट्रिक्ट,323-जी3 का शानदार शपथग्रहण समरोह एवम नवीन सत्र की प्रथम केबिनेट बैठक अपराजिता का आयोजन भिलाई के होटल अमित पार्क में सम्पन्न हुआ। चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनिता सत्यनारायण अग्रवाल के निर्देशन एवम मार्गदर्शन में पूरे हॉल को डिस्ट्रिक्ट स्लोगन सत्यं शिवम सुंदरम की तर्ज पर आध्यात्मिक चेतना का सुंदर मनोहारी रूप दिया गया।





कार्यकम की अध्यक्षता चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनिता अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि विदिशा से पधारी वी शशि बंसल (मल्टीपल प्रेसीडेंट),शपथ अधिकारी वी उषा जोया (फाउंडर एवं चार्टर मल्टीपल प्रेसीडेंट), प्रवर्तन अधिकारी वी सरोजा मेकल (फाउंडर एवं पास्ट मल्टीपल प्रेसीडेंट, विशिष्ट अतिथि के रूप में वी रजनी शेट्टी (एसोसिएशन सेक्रेटरी), वी लता आर्या जी डि.संरक्षक) ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की भव्यता में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ, सर्वप्रथम माँ भारती के तैलचित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

डिस्ट्रिक्ट का शुभारंभ शंखनाद के साथ किया गया। ततपश्चात ध्वज स्थापना करते हुए राष्ट्रगान गाकर ध्वज वंदना की गई। अतिथियों का स्वागत शॉल ओर श्रीफल देकर किया गया। भारतीय संस्कृति को सम्मान देते हुए भारतीय कला क्लासिकल नृत्य, एवं स्वागत गीत द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। स्वागत भाषण कार्यक्रम की सिरमौर चार्टर प्रेसिडेंट वी अनिता अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रवर्तन अधिकारी वी सरोजा मेकल ने सभी सदस्यों को वी परिवार में शामिल किया एवं वी के नियमों एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया तत्पश्चात शपथ अधिकारी वी उषा जोया ने डिस्ट्रिक्ट कार्यसमिति एवम सदन में उपस्थित सभी सदस्यों को वी क्लब्स की कार्यप्रणाली के अनुरूप निष्ठावान रहने एवम कार्य करने की शपथ दिलाई।

शपथविधि के पश्चात वी अनिता अग्रवाल ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए डिस्ट्रिक्ट के प्रोजेक्ट सेवा, सहयोग, समर्पण तथा डिस्ट्रिक्ट स्लोगन सत्यम, शिवम सुंदरम से परिचित कराया। डिस्ट्रिक्ट की पिन की प्रभावशाली व्याख्या भी की। उन्होंने कहा कि सभी साथी सेवा कार्य इस तरह करें कि डिस्ट्रिक्ट आप पर अभिमान करे। उन्होंने अपने सभी साथियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, हम बहुत अच्छे कार्य करें क्योंकि हमें हमारी तुलना चंद्रमा से नही करानी, आसमां पे है सूरज सा दिखना हमें।

अतिथियों के कर कमलों से चार्टर सत्र की डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टरी अपराजिता एवम डिस्ट्रिक्ट पिन तथा डिस्ट्रिक्ट बैनर का विमोचन भी कराया गया। कैबिनेट में प्रशासनिक सचिव वी अमरजीत कथूर ने प्रशासनिक एवं सचिव सेवा गतिविधि वी अल्का फरमानिया ने सेवा गतिविधियों से सम्बन्धित रिपोर्ट पढ़ी। सह कोषाध्यक्ष वी भारती अग्रवाल ने अनुमानित बजट सदन में प्रस्तुत किया। 6 एरिया ऑफिसर्स में से उपस्थित 5 एरिया ऑफिसर्स क्रमशः वी सुनीता शर्मा, वी जया गंगवानी, वी रश्मि बधावन, वी श्वेता शर्मा, वी ज्योति प्रधान ने भी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। उद्बोधन की कड़ी में वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनिता फरमानिया ने संस्था के प्रति अपने दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारी से निर्वहन ओर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट का हरकदम पर पूर्ण सहयोग करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि वी रजनी शेट्टी ने वी एसोसिएशन की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए सभी को शपथग्रहण की बधाई दी। प्रवर्तन अधिकारी वी सरोजा जी ने सभी को कार्यक्रम की शुभकामनाएं देते हुए संगठन के विस्तार पर अपनी बातें रखी। शपथ अधिकारी,वी उषा जोया ने अपने उद्बोधन में नवगठित डिस्ट्रिक्ट को वी परिवार में शामिल होने पर बधाई देते हुए परहित सरिस धर्म नहीं भाई की सूक्ति को चरितार्थ कर संस्था की छवि निमार्ण पर जोर डाला।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950